mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-247 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
6 सितंबर 2024 शुक्रवार

दैनिक मीडिया ऑडीटर

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



विराट कोहली ने ...

@ पेज 7

**संक्षिप्त समाचार**

## दो रुपए का बिल भी नहीं चुका पा रही यूपी पुलिस

- कई थानों पर 248 रुपए बकाया, वसूली के लिए अदालत पहुंची बीएसएनएल


लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश पुलिस और बीएसएनएल के बीच एक बड़ा अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यूपी पुलिस ने कंपनी को कोर्ट जाने के लिए मजबूर कर दिया, जिसकी वजह भी अजीब और हैरान करने वाली है। प्रदेश के मिर्जापुर जिले के 10 थानों पर कंपनी का बिल कई सालों से बकाया है। बिल की रकम भी इतनी ज्यादा नहीं है कि उसे जमा न किया जा सके। जिले के दस थानों पर बीएसएनएल का मात्र 248 रुपयों का बिल बकाया है। पुलिसवालों ने जब सालों तक बिल जमा नहीं किया तो कंपनी राष्ट्रीय लोक अदालत पहुंच गई। मिर्जापुर पुलिस बीएसएनएल कंपनी के मात्र 248 रुपये का बिल जमा नहीं कर पा रही है। यह बकाया एक नहीं बल्कि जिले के 10 थानों पर है।



## एंट्री से पहले यहां हरेक का 'स्कैनर रूम' से होगा सामना

- बिहार की जेलों में इंसान से लेकर पैकेट तक हो जाएंगे 'नंगे'

सीतामढ़ी (एजेंसी)। स्थानीय मंडल कारा में जिला पुलिस एवं जेल प्रशासन के स्तर से बीच-बीच में बंदियों की जांच और उनके कमरे की तलाशी ली जाती है। इस दौरान बंदियों के पास से अथवा इधर-उधर लावारिस स्थिति में तंबाकू, मोबाइल, गांजा और भांग बरामद होता रहा है। जेल के अंदर आपत्तिजनक सामग्रियों के बरामद होने से कई बार जेल प्रशासन को असहज महसूस करना पड़ता है, तो ये सामान



जेल के अंदर कैसे चले गए और कौन ले गया। इसका जवाब जेल प्रशासन के पास नहीं रहता है। हालांकि अब वह दिन दूर नहीं जब जेल के अंदर एक सुई भी लेकर जाना मुश्किल होगा। दरअसल, जेल के मुख्य द्वारा पर पोटा केबिन लगाया जाना है। इसके लगने के बाद जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री को लेकर जाना आसान नहीं होगा। कारा एवं सुधार सेवाएं, पटना द्वारा प्री- फैब्रिकेटेड पोटा केबिन का निर्माण कराया जायेगा। जेल प्रशासन द्वारा इस केबिन का स्टीमेट तैयार कराकर विभाग को भेज दिया गया है। विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद पोटा केबिन का निर्माण शुरू करा दिया जायेगा।

**हिमाचल में मस्जिद विवाद पर जबरदस्त बवाल**

# सड़कों पर उतरे हजारों लोग अवैध निर्माण तोड़ने पर अड़े

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली इलाके में एक मस्जिद निर्माण को



लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। संजौली में पिछले 5 दिनों से लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार, 5 सितंबर को विभिन्न संगठनों के साथ स्थानीय लोग भी सड़कों पर आ गए। इनकी मांग है कि मस्जिद के अवैध निर्माण को गिराया जाए। पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी प्रदर्शन स्थल पर गए। मामले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा, जो भी कानून को हाथ में लेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर लिखा, हिमाचल में कांग्रेस सरकार में मंत्री अनिरुद्ध सिंह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि संजौली में मस्जिद के पास 31 अगस्त की शाम को समुदाय विशेष के लोगों ने एक स्थानीय व्यक्ति के

**ओवैसी बोले-**
**बीजेपी की भाषा बोल रहे कांग्रेस के मंत्री**

साथ मारपीट की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मारपीट के बाद यह मामला तूल पकड़ने लगा। अब हिंदू संगठन और कई स्थानीय लोग इस मस्जिद को गिराने की मांग पर अड़ गए हैं। आरोप है कि इलाके में बिना अनुमति और नक्शा पास किए बगैर 5 मंजिला मस्जिद बना दी गई।

## पुतिन ने दिए यूक्रेन के साथ बातचीत के संकेत

- कहा-भारत हो सकता है अच्छा मध्यस्थ, दो और देशों पर जताया भरोसा

मॉस्को (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत उनके और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकवाने में अहम भूमिका में हो सकता है। पुतिन ने गुरुवार को यूक्रेन से बातचीत का संकेत देते हुए भारत के अलावा चीन और ब्राजील का नाम लिया है, जो यूक्रेन के साथ संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में अच्छा काम कर सकते हैं। पुतिन ने इस दौरान कहा कि युद्ध के शुरुआती हफ्तों में इस्तांबुल में वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक प्रारंभिक समझौता हुआ था लेकिन ये कभी लागू नहीं किया जा सका। अगर फिर से शांति पर बातचीत होती है तो इसी समझौते को वार्ता के आधार के तौर पर शामिल किया जा सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के साथ बातचीत शुरू करने की इच्छा दिखाई है।



## राहुल गांधी की रैली में नहीं पहुंचे उद्धव ठाकरे

- मुयमंत्री फेस पर बढ़ी खींचतान के बीच बड़ा झटका



सांगली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार से महाराष्ट्र के सांगली से विधानसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन करना चाहती थी, लेकिन इसमें शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे शामिल नहीं हुए। उनके इस कार्यक्रम में न आने को गठबंधन में सीएम पद के लिए उम्मीदवार पर खींचतान से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं राहुल गांधी ने सांगली में जनसभा को संबोधित किया और महाराष्ट्र के दिवंगत मंत्री पतंगराव कदम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर हैं। इससे पहले दिन में गांधी ने नांदेड में दिवंगत सांसद वसंत चव्हाण के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सांगली आए, जहां उन्होंने वांगी में पतंगराव कदम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। गांधी दिवंगत नेता को समर्पित एक संग्रहालय भी गए।

## देश की चौथी सबसे अमीर महिला की भाजपा से बगावत

- टिकट कटा तो सावित्री जिंदल ने निर्दलीय लड़ने का ऐलान किया; कहा-मैं पार्टी मेंबर नहीं

हिसार (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार देर शाम को 67 कैंडीडेट की लिस्ट जारी की थी। लिस्ट आते ही पार्टी में बगावत शुरू हो गई है। कई पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर ही इस्तीफा दे दिया। वहीं, गुरुवार सुबह देश की चौथी सबसे अमीर महिला सावित्री ने भी बगावत कर दी है। भाजपा से टिकट न मिलने के बाद उन्होंने हिसार से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सावित्री जिंदल ने समर्थकों से कहा- मैं भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं हूं। मैं चुनाव न लड़ने के बारे में बोलने के लिए दिल्ली से वापस आई थी, लेकिन आपका प्यार और विश्वास देखकर मैं चुनाव लड़ूंगी।

# गुजरात में बारिश-बाढ़ ने फिर मचाया कोहराम

**अब तक 49 लोगों की हुई मौत, कई जिलों में हाल बेहाल**

**हिमाचल में 119 सड़कें बंद,राजस्थान में होगी भारी बारिश**

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट है। बुधवार को राजस्थान के जोधपुर में सबसे ज्यादा 90.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक जाम लगा। हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण 119 सड़कें बंद हैं, इनमें 2 नेशनल हाईवे हैं। हरियाणा के पंचकूला में ईंट भट्टे की दीवार गिरने से 3 बच्चों की मौत हुई। मध्य प्रदेश में भी बारिश की जुड़ी घटनाओं में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। गुजरात में इस मानसून



सीजन में अब तक 49 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट है। नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में भारी बारिश के कारण पगला पहाड़ पर लैंडस्लाइड हुआ।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में 6 नक्सली हुए ढेर

- इनमें दो महिलाएं, शव और हथियार बरामद 2 दिन पहले भी 9 नक्सली मारे गए थे

जगदलपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल है। जवानों ने हथियार और शव बरामद कर लिए हैं। दो जवानों को भी गोली लगी है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। तेलंगाना की ग्रेहाउंड पुलिस को सूचना मिली थी कोत्तागुडेम जिले के गुंडाला-करकागुडेम इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी आधार पर फोर्स को एक दिन पहले ही सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। दो दिनों में ये दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले 3 सितंबर को दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 9 नक्सली मारे गए थे अब तेलंगाना बॉर्डर पर 6 ढेर किए गए।



**बड़ा खुलासा**

# कोलकाता रेप-मर्डर केस दबाना चाहती थी पुलिस

**सीनियर अफसर ने देनी चाही थी रिश्वत,परिवार का बड़ा दावा**

कोलकाता (एजेंसी)। पिछले महीने कोलकाता के आरजी कर सरकारी अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या की वारदात का मामला अभी भी गर्माया हुआ है। पूरे बंगाल में आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच महिला डॉक्टर के परिवार ने कोलकाता पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया कि पुलिस का ऐक्शन शुरुआत से ही संदेह पैदा करने वाला था। उन्होंने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किया और मामले को दबाने के लिए हमें रिश्वत भी देने की कोशिश की। कोलकाता के महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य कांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेते हुए पीड़िता के परिवार वालों ने न्याय की मांग की है और कोलकाता के एक




सीनियर पुलिस अधिकारी पर उन्हें रिश्वत देने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बता दें कि महिला डॉक्टर का शव 9 अगस्त को अस्पताल के परिसर से बरामद किया गया था। मृतक महिला डॉक्टर के पिता का कहना है,पुलिस ने शुरू से ही मामले को दबाने की कोशिश की।

## तेलंगाना के जैनूर में रेप-मर्डर की कोशिश, आदिवासियों का प्रदर्शन

- धार्मिक स्थल पर पथराव, दुकानें जलाईं, पुलिस ने इंटरनेट बंद कर कर्फ्यू लगाया

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के कुमुराम भीम आसिफाबाद जिले के जैनूर में 45 साल की आदिवासी महिला के साथ रेप और मर्डर की कोशिश के मामले के बाद आदिवासी संगठनों ने प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह शुरू हुआ यह प्रदर्शन दोपहर तक दो गुटों की हिंसक झड़प में बदल गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी और पीड़ित अलग-अलग धर्म के हैं। प्रदर्शन कर रहे करीब 2 हजार आदिवासियों ने आरोपी के समुदाय के लोगों पर हमला किया। उन्होंने उनके धार्मिक स्थल पर पथराव किया। दुकानें भी जलाईं। जवाब में आरोपी के समुदाय के लोगों ने भी आगजनी और पथराव किया। स्थिति काबू में करने के लिए जैनूर कस्बे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (आईपीसी) की धारा 163 लगा दी गई है।

## भाजपा बोली-पित्रोदा पहले राहुल को बोलना सिखाएं

- विदेश जाकर भारत की खिल्ली नहीं उड़ाई जाती,पीएम का वाब देखते हैं तो होमवर्क सीखें

नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी के फ्यूचर में प्रधानमंत्री बनने वाले सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पित्रोदा अगर सच में राहुल के अंदर पीएम की छवि देखते हैं तो पहले उन्हें बोलना सिखाएं। भाजपा सांसद ने आगे कहा- राहुल विदेश जाकर भारत की खिल्ली उड़ाते हैं। वे यहां के लोकतंत्र, मीडिया और न्यायपालिका पर बाहर जाकर सवाल खड़े करते हैं। पित्रोदा को उन्हें होमवर्क कराना चाहिए कि कब और कहां, कैसे बोलना है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने 4 सितंबर को कहा था कि राजीव गांधी की तुलना में उनके बेटे राहुल गांधी ज्यादा समझदार हैं। वे समझदार होने के साथ-साथ एक बेहतर रणनीतिकार भी हैं। राहुल में फ्यूचर प्रधानमंत्री के सारे गुण हैं। सैम पित्रोदा ने शिकागो से न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि राहुल की एक गलत इमेज बनाई गई थी। उन्हें बदनाम करने के लिए लाखों-करोड़ों डॉलर खर्च किए गए। मीडिया में जो राहुल की इमेज थी, वह एक प्लान्ड कैंपेन पर आधारित थी।





# भारत और सिंगापुर के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर

- पीएम बोले-हम भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं
- अपने खास दोस्त से मुलाकात के बाद कही बड़ी बात

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी सिंगापुर के दौरे पर है। जहां उन्होंने अपने खास दोस्त और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर पर भी किए। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक स्तर पर पहुंच गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंगापुर में रह रहे भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर भारत का न केवल साझेदार राष्ट्र है बल्कि हर विकासशील देश के लिए प्रेरणा भी है। पीएम ने आगे कहा कि हम भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। इसके लिए दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम के



बैठक की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। उन्होंने लिखा कि दोनों देशों के बीच संबंधों का नया अध्याय है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने आज सिंगापुर में एक सार्थक बैठक की। इसके साथ ही जायसवाल ने कहा,'दोनों नेताओं ने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने उन्नत विनिर्माण, संपर्क-सुविधा, डिजिटलाइजेशन स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा और कौशल विकास जैसे मुद्दे पर द्विपक्षीय व्यापक समीक्षा की।' पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री वोंग का गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।



# 31 अगस्त तक सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 31.08.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु पेंशन शाखा लिपिक के साथ जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर में पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं कराये जाने की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार माह सितम्बर 2024 का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

पेंशन शिविर का आयोजन दिनांक 17.09.2024 से 20.09.2024 तक जिला पेंशन कार्यालय सीधी में आयोजित किया गया है। त्रिवेणी दास कोल सहायक पेंशन अधिकारी पेंशन शाखा प्रभारी होंगे तथा जिन कार्यालय प्रमुखों द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किया गया है उन्हें भी निर्देशित किया गया है कि पेंशन शिविर में उपस्थित होकर पेंशन प्रकरण निराकरण करायें।

ज्ञात हो कि म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। पूर्व में जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में पेंशन शिविर एवं प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है। किंतु अभी भी जिले में दिनांक 31.08.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बिना कारण पेंशन प्रकरण लंबित हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने कार्यालय प्रमुखों को शिविर में उपस्थित होकर 31 अगस्त 2024 तक सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय 100 मीटर की परिधि प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर सीधी के 100 मीटर परिधि के क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, आन्दोलन, घेराव, नारेबाजी, मसाल का प्रदर्शन तथा सोशल ऐप्स जैसे फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्वीटर, वाट्सएप आदि का उपयोग कर आपत्तिजनक मैसेज, चित्र या चलचित्र का शेयर या फारवार्डिंग नहीं करेगा। साथ ही वाद्य संगीत, ढोल साउण्डवाक्स डी जे आदि का उपयोग नहीं करेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लघंन करते की दशा में सबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह निषेधाज्ञा दिनांक 05 सितम्बर 2024 से दिनांक 05 नवम्बर 2024 तक प्रभावशील रहेगी।

## उत्खनि पट्टाधारियों को कारण बताओ नोटिस

खनिज अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले में उत्खनिपट्टाधारियों द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 26, 30, 42 का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप पट्टेदारों को कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होने बताया कि लवकेश सिंह पिता अनियार सिंह निवासी ग्राम देवरी तहसील मझौली, भानू प्रताप पाण्डेय पिता इन्द्रदत्त पाण्डेय निवासी ग्राम हनुमानगढ़ तहसील रामपुर नैकिन, मे. ए.के.एस. मिनरल्स एण्ड मार्बल निवासी आजाद वार्ड मण्डला जिला मण्डला, मे0 के.बी.एस. रॉक निवासी वीर सावरकर नगर इन्दौर जिला इन्दौर, नारायणदास द्विवेदी पिता ठाकुर प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम फुलवारी तहसील बहरी, नागेन्द्र सिंह चौहान पिता इन्द्रदेव सिंह निवासी ग्राम बढौना तहसील चुरहट, में0 मैथिली कस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपर्स प्रो0 चन्द्रिका प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम विजयपुर तहसील सिहावल, विकास शुक्ला पिता राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम अर्जुन नगर सीधी एवं विनोद सिंह पिता इन्द्रबहादुर सिंह निवासी ग्राम हाटा तहसील हनुमना जिला

# बच्चों को एलबेण्डाजोल गोली खिलाने के लिए हुई कार्यशाला



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 1 साल से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेण्डाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस अवसर पर जिले में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी, डीआईओ डॉ नागेन्द्र बिहारी दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्रा, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला, अवधेश सिंह जिला कार्यक्र म अधिकारी महिला एवं बाल विकास, डीईआईसी मैनेजर, डीसीएम, समस्त बीपीएम, बीसीएम उपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ तिवारी ने बताया कि 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस व 13 सितंबर को मांपअप दिवस का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के समन्वय से संचालन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय, शास. अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, प्राइवेट अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्र शासित शालाओं, मदरसों, स्थानीय निकाय शालाओं व आंगनवाड़ी केन्द्रों में 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक गोली एलबेण्डाजोल खिलाई जाएगी। इसके लिए विकासखण्ड स्तर पर नोडल शिक्षक, सीएचओ, एएनएम एवं आशा को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त दिवस को शालाओं व आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निगरानी में कृमिनाशन गोली का सेवन कराया जाएगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ दुबे ने बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 400 मि.ग्रा. की आधी गोली दो चम्मचों के बीच चूरा करके साफ पानी में मिलाकर खिलाई जाएगी। इसी प्रकार से 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली खिलाई जाएगी। उन्होने यह भी बताया कि नंगे पैर खेलने से, बिना हाथ धोये खाना खाने से, खुले में शौच करने से व साफ सफाई न करने से कृमि बच्चों के पेट में पहुंच सकते हैं। कृमि होने से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, थकान, बेचैनी, पेट दर्द, उल्टी और दस्त होना, मल में खून होना जैसी बीमारियां हो जाती हैं। सीएमएचओ डॉ सुनीता तिवारी ने बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे और खून की कमी न होने पाए इसके लिए इस अभियान में जन-मानस एवं अभिभावकों से राष्ट्रीय कृमि नाशन दिवस पर बच्चों को दवा खिलवाने में सहयोग प्रदान करने के लिए अपील किया।

# सदगुरु शिक्षा समिति में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की प्रेरणा से चित्रकूट के जानकीकुण्ड में संचालित स–ुरु शिक्षा समिति एवं श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आचार्यगण,शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सदगुरु सभागार में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं प्रशासक डॉ.इलेश जैन रहे । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक शिक्षक समृद्ध समाज के भविष्य की नींव होता है । एक शिक्षित और अनुशासित समाज शिक्षक की ही देन है । हम इस अवसर पर भूतपूर्व राष्ट्रपति एवं विद्वान शिक्षक के रूप में विख्यात डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का पुण्यस्मरण कर उन्हें नमन करते हैं । शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष हमें हमारे गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है । प्रत्येक सफल व्यक्ति को बनाने में किसी न किसी शिक्षक का ही योगदान रहता है । कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त अतिथियों एवं प्राचार्यों ने गुरुदेव श्री रणछोड़ददास जी महाराज एवं डॉ. राधाकृष्णन जी की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया । तदुपरांत समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों का तिलक, पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मान किया गया फिर सभी आचार्यगण, शिक्षक तथा शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया । तदुपरांत सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कोर्निया विभाग के प्रमुख डॉ. गौतम सिंह परमार एवं टीम ने उपस्थित छात्रों-छात्राओं एवं शिक्षकों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया तथा नेत्रदान से सम्बंधित वीडियों फिल्म दिखाई गयी । समारोह में ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन, शिक्षा समिति सचिव आर बी सिंह चौहान, सुमन द्विवेदी, प्राचार्य शंकर दयाल पाण्डेय,सुरेन्द्र तिवारी,तुषारकांत शास्त्री, राकेश तिवारी, दीपक वानी,मंजुला वानी, फिरोज खान सहित सदगुरु परिवार के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लिया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में ग्राम पड़रा में रावे छात्राओं के द्वारा गाजरघास जागरूकता कार्यक्र म किया गया। 16 से 22 अगस्त 2024 तक केन्द्र एवं रावे छात्राओं के द्वारा ग्राम पड़रा में जाकर किसानों को गाजरघास के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। रावे छात्राओं द्वारा गॉव के प्रमुख चौराहे एवं विभिन्न मार्गो से होते हुये गॉव के सभी हिस्सो में रैली निकाली गई। गॉव में सफाई अभियान चलाकर गाजरघास के पौधों को हटाने का कार्य किया गया। इस रैली में स्थानीय समुदाय को शामिल किया गया ताकि वे समझ सके कि गाजरघास का उन्मूलन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास है। सरपंच ने इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि यह अभियान हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है। रावे छात्राओं ने इस कार्यक्र म की सहायता से पूरे गॉव को गाजरघास के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। जैसे कि गाजरघास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग एग्जिमा, एलर्जी, दमा जैसी गंभीर बीमारियॉ उत्पन्न होती है। गाजरघास न सिर्फ मनुष्यों बल्कि पशुओं के लिये भी उतना ही हानिकारक है एवं मृदा की गुणवत्ता को कम करता है एवं फसलों के उत्पादन के लिये पोषण तत्वों और पानी की उपलब्धता को कम करता है। केन्द्र की कार्यक्रम सहायक श्रीमती अमृता तिवारी एवं वैज्ञानिक डा. शैलेन्द्र सिंह गौतम के द्वारा स्थानीय कृषकों को गाजरघास प्रबंधन की तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान की गई। गाजरघास प्रबंधन के लिये जायकोग्रामा एवं वाइकोलोराटा जैसे कीटों को यदि गाजरघास के ऊपर छोड़ा जाय तो प्राकृतिक तरीके से गाजरघास का प्रबंधन किया जा सकता है।

## पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला कार्यक्र म अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया है कि पोषण माह के दौरान गुरूवार को सीधी जिला अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, गांव के सरपंच एवं अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। शासन के निर्देशानुसार जिले अंतर्गत पोषण माह का बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्र म अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आंगनवाड़ियों में उचित पोषण बच्चों को मिलेगा तभी बच्चे देश को रोशन कर सकेगें।

# हरसूद सीएमओ पर हमले के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीएमओ मिनी अग्रवाल द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को जिले की समस्त नगर पालिकाओं और नगर निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एकदिवसीय अवकाश पर रहेंगे। यह निर्णय मुख्य नगर पालिका अधिकारी कल्याण संघ ने हरसूद में महिला मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध स्वरूप लिया है। उक्त विरोध के चलते न केवल सीधी जिला बल्कि संपूर्ण प्रदेश के नगरीय निकायों में सीएमओ अवकाश पर रहेंगे।

सोमवार को हरसूद नगर परिषद की सीएमओ मोनिका पारदी पर उनके ही केबिन में युवक ने गोली चला दी। युवक विशाल नामदेव सीएमओ पारदी का ड्राइवर था जिसे उन्होंने डीजल चोरी के संदेह में नोकरी से निकाला था।

## अनुशासन और धैर्य सफलता के लिए आवश्यक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सीधी के सभागार में सिविल सर्विसेज की निःशुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं को शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और धैर्य रखना अति आवश्यक है। सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक सुविधाओं का होना आवश्यक नहीं है। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रयोग करके भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मन में उठने वाले प्रश्नों को दबाना नहीं चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर उत्साह से सीखना चाहिए। एसडीएम निलेश कुमार शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि तैयारी के दौरान अल्पकालीन और दीर्घकालिक लक्ष्य बनाना चाहिए और अध्ययन के दौरान ग्रुप डिस्कशन भी करना चाहिए। सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। तैयारी व्यवस्थित तरीके से सिलेबस और प्रीवियस पेपर को पढ़कर करना चाहिए। साथ ही निरंतर टेस्ट सीरीज लगाना चाहिए।

# प्रधानमंत्री कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** भारत में गुरु शिष्य परंपरा की महिमा युगों से जानी जाती है। गुरु अपने शिष्यों को तरास कर उनका आध्यात्मिक एवं भौतिक उन्नयन कर उन्हें मनुष्य जीवन में जीने का गुण सिखाते है। इस वर्ष प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ उदय पाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रामनारायण स्वर्णकार की अध्यक्षता में सेवा निवृत प्राध्यापक डॉ संतोष सिंह चौहान, डॉ अमर प्रकाश गुप्ता एवं डॉ शांति साकेत के विशिष्ट आतिथ्य में शिक्षक दिवस का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के भारतीय परंपरा के क्र म में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं राधाकृष्णन के छायाचित्र की सम्मुख दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस उत्साह पूर्वक आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ उदय पाल सिंह ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन गरिमा पूर्ण ढंग से होना चाहिए। गुरु का सम्मान करके ही शिष्य अपने मूल्यवान लक्षण को प्राप्त कर सकता है।

डॉ संतोष सिंह चौहान ने अपनी उद्बोधन में भारतीय गुरु और शिष्यों की परंपरा को रेखांकित करते हुए वर्तमान समय में गुरुओं को सचेत होकर शिष्यों को शिक्षित करने का आवाहन किया।

डॉ अमर प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कॉलेज में इस तरह का आयोजन शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष होना चाहिए। इससे गुरु और शिष्य के बीच गहन जुड़ाव पैदा होता है और एक दूसरे को समझने में मदद मिलती है। आयोजन में सेवानिवृत्ति अध्यापिका डॉ शांति साकेत ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक गुरु जरूर बना लेना चाहिए। गुरु इस भवसागर से पार करने का उपाय बताता है।

इस अवसर पर डॉ अनिल सिंह ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन के मूल्यवान आध्यात्मिक योगदान को रेखांकित करने के साथ ही जोर देकर कहा कि जीवन आग का दरिया है उसमें कैसे तैरना है उसे कैसे पार करना है इसका ज्ञान बिना योग्य गुरु के संभव नहीं है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सच्चा गुरु ही जीवन में प्रकाश का संचार करता है। डॉ अरविंद त्रिपाठी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूं अपने गुरुओं के आशीर्वाद के बदौलत हूं। सतगुरु की शरण में रहने से कभी जीवन में निराश नहीं मिलती। इसी क्र म में डॉ अखिलेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह की आयोजन महाविद्यालय में हर वर्ष होना चाहिए।

शिक्षक दिवस समारोह के इस अवसर पर प्राचार्य का दायित्व निर्वहन करने वाले प्रभारी प्राचार्य डॉ रामनारायण स्वर्णकार ने अपने विचार व उद्बोधन में मंच और सभागार को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को पाकर गौरवान्वित है। उन्होंने गुरुओं का जीवन में विशेष महत्व है इस बात को रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं का आवाहन किया। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य के द्वारा अतिथियों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बेरोजगार युवाओं को रोजगार हेतु टोल फ्री नं. जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार हेतु आरसेटी कॉल सेन्टर का टोल फ्री नम्बर - 1800-309-8039 जारी किया है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा जिले के जिला अग्रणी बैंक के माध्यम से स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) संचालित किया जाता है, जिसका वित्त पोषण पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से किया जाता है। सीधी जिले में यह कार्य यूनियन बैंक के माध्यम से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है, जिसके एक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक स्तर के अधिकारी निर्देशक के रूप में कार्य करते हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आर-सेटी सीधी में 1000 ग्रामीण गरीब स्व सहायता समूहों के सदस्यों एवं उनके परिवारजन हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण जैसे कि - बैंक मित्र, घरेलु विद्युत उपकरण, सेवा उद्यमी, महिला टेलर, कृषि उद्यमी, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, कम्प्युटराईज एकाउंटिंग, कस्ट्यूम ज्वेलर उद्यमी, जूट प्रोडक्ट उद्यमी, बम्बू केन क्राफ्ट मेकिंग, ब्यूटीपार्लर मैनेजमेन्ट, ईडीपी फार माईक्रो इन्टरप्राईजेज, शॉपकीपर, पेपर कवर एनवलप एण्ड फाईल मेंकिंग, प्लम्बिंग एवं सेनेटरी वर्क, पापड़-आचार व मसाला मेकिंग, डेयरी फार्मिंग विषय पर आयोजित किए जाने है। जिस हेतु आयु 18 से 45 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता विषय अनुसार (5वीं. 8वीं, 10वीं व 12वीं) इच्छुक स्व सहायता समूह सदस्य एवं उनके परिजन आर-सेटी पुरानी सीधी (मड़वास रोड), चन्द्रा पेट्रोल पम्प के पास पहुॅचकर निर्देशक शिवेन्द्र चौधरी, मो.नं. - 9415763082 व सीनियर फैकल्टी, उमाशंकर जायसवाल, मो.नं. - 9827374606 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही विकासखण्ड स्तर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में संपर्क कर प्रशिक्षण हेतु पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं प्रशिक्षण उपरान्त गतिविधि संचालन हेतु उचित बैंक ऋण भी उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में शिक्षक दिवस पर हुआ आयोजन






**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शासकीय महाविद्यालय मड़वास में शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओ के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कि गई । स्वागत गीत बी.ए. की छात्रा शीलू शुक्ला के द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का संचालन बी ए के छात्र पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की छात्रा कुमारी अंजली पांडेय रूबी साहू कंचन गुप्ता काजल गुप्ता के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में गीत प्रस्तुत किये गए ।

इस अवसर पर महाविद्यालय डॉ दीपक अग्निहोत्री ने सभी छात्रो को बाधाओं की परवाह किये बिना मंजिल की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी तो वही डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने कहा कि गुरु एक प्रकाश पुंज की तरह होते है जो छात्रों को सही मार्ग दिखलाते हैं ।

डॉ सुरेंद्र गुप्ता एवं डॉ पंकज मिश्रा ने भी गुरु की महिमा के सम्बंध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ कमलेश जायसवाल डॉ राजेश पटेल डॉसंगीता मिश्रा डॉ निशा सिंह डॉ अमिता खरे, डॉ सौरभी गुप्ता, डॉ ज्योति रजक डॉ संध्या वर्मा , श्री दीपराज प्रजापति, श्री सुंदर लाल प्रजापति श्री अनिल केवट सहित छात्र/छात्रा उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता अंजली पांडेय शीलू शुक्ला कंचन गुप्ता काजल गुप्ता सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राओ का योगदान रहा।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी जिला मऊगंज**

क्रमांक/15/जि.ई.ग.सो./2024 मऊगंज, दिनांक-02/09/2024

जिला मऊगंज अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग का पत्र क्रमांक 574/2024/41-2 भोपाल दिनांक 15.03-2024 के अनुपालन में कुल 9 शासकीय स्थलों पर आधार सेवा केंद्र (नवीन आधार कार्ड बनाना एवं सुधार करना ) चयनित किये गए हैं जिसके लिए जनवरी 2023 के बाद NSEIT पास इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं |

आवेदन पत्र दिनांक 09/09/2024 समय शाम 06 बजे तक कार्यालय जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी मऊगंज (कार्यालय कलेक्टर मऊगंज) में प्राप्त किये जायेंगे | आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिले की वेबसाइट www.mauganj.nic.in एवं कार्यालय जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी मऊगंज (कार्यालय कलेक्टर मऊगंज) में उपलब्ध है |

आवेदन पूर्णतः भरा हुआ होना चाहिए, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा |

अपर कलेक्टर एवं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी जिला मऊगंज

# विचार

## अलोकतांत्रिक ‘बुल्डोजर न्याय’ खत्म होना चाहिए

हमारे संविधान और नागरिकों को नियंत्रित करने वाले कानूनों के रक्षक सुप्रीम कोर्ट ने आखिरकार ‘बुल्डोजर न्याय’ देने की बर्बर और सांप्रदायिक प्रथा को पहचान लिया है। यह कि वह कई वर्षों से न्याय के इस तरह के मजाक को अनदेखा कर रहा था। यह हमारे लोकतंत्र पर एक धब्बा रहेगा। जैसा कि सर्वविदित है, इस प्रथा के आविष्कारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे, जिन्हें कम से कम हालिया लोकसभा चुनावों के नतीजों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था। समाज में उनके ‘शानदार’ योगदान के लिए उनके प्रशंसकों ने उन्हें ‘बुल्डोजर बाबा’ का उपनाम दिया था। उनका फरमान सरल था कि गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के घरों या इमारतों को बुल्डोजर से उड़ा दो, लेकिन इस शर्त के साथ कि आरोपी केवल एक विशेष अल्पसंख्यक समुदाय से होना चाहिए। अगर आरोपी किसी अन्य समुदाय से संबंधित था, तो ऐसी कोई कार्रवाई की आवश्यकता नहीं थी। इस काम का तरीका यह था कि आरोपी या उसके परिवार के घर या इमारत की पहचान की जाए। इसके निर्माण में की गई कुछ अनियमितताओं या कुछ दस्तावेजों की कमी का पता लगाया जाए और बिना कोई नोटिस दिए या अदालत से ध्वस्तीकरण के आदेश प्राप्त किए तत्काल ‘न्याय’ किया जाए। यहां तक कि एक बच्चा भी इस कार्रवाई के पीछे के मकसद को समझ सकता है और यह तथ्य कि इस तरह के ध्वस्तीकरण महज संयोग नहीं थे। बुल्डोजर को एक स्पष्ट संदेश देने के लिए भेजा गया था। सरकार ने कथित तौर पर एक विशेष समुदाय के विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अभियोजक, न्यायाधीश और जल्लाद की भूमिका निभाई। हम एक सम्पन्न लोकतंत्र के रूप में खुद पर गर्व करते हैं, जिसके कानून प्रवर्तन अंग ऐसे दिखावा करते हैं जैसे कुछ हुआ ही नहीं। यह भी दुखद और निराशाजनक है कि मीडिया के एक बड़े हिस्से ने भी इस तरह की मनमानी के प्रति आंखें मूंद लीं,खासकर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया जिसके पास ऐसे गंभीर मुद्दों के लिए समय नहीं है। यह सवाल किया जाना चाहिए था कि पूरे परिवार और हमेशा गरीब परिवार को क्यों पीड़ित और बेघर होना पड़ा, जबकि परिवार का एक सदस्य भी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल नहीं पाया था? हाल ही में एक अनोखे मामले में, एक संदिग्ध के मकान मालिक का घर सिर्फ इसलिए गिरा दिया गया क्योंकि उसने घर किराए पर लिया था।

# स्किल्स और विशेषज्ञता के साथ अच्छा इंसान बनना सिखाता है शिक्षक

**डॉ. पवन सिंह मलिक**

***आज शिक्षक दिवस है और हममें से कोई भी ऐसा नहीं, जिसके जीवन में इस शद का महत्व न हो। हम आज जो कुछ भी है या हमने जो कुछ भी सिखा या जाना है उसके पीछे किसी न किसी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग व उसे सिखाने की भूमिका रही है। इसलिए आज का दिन प्रत्येक उस व्यक्तित्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का व उन सीखे हुए मूल्यों के आधार पर खुशहाल समाज निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का दिन भी है। शिक्षक यानि गुरु शद का तो अर्थ ही अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाला है। भारत में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का श्री गणेश भी हो चुका है। पूरी शिक्षा नीति को देखने पर ध्यान आता है कि उसके क्रियान्वयन व सफ़ल तरीके से उसे मूर्त रुप देने का अगर सीधा-सीधा किसी का नैतिक दायित्व बनता है तो वह शिक्षक का ही है।***




वर्तमान के आधार को मजबूत करते हुए, भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने व भारत को आगे बढ़ाने के सपनों को अपनी आँखों में भर कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा व भाव जागरण का आधार भी शिक्षक है। शिक्षक जो जीवन के व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक जो बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक जो केवल शिक्षा नहीं बल्कि विद्या सिखाता है। शिक्षक केवल सफ़ल होना नहीं, असफ़लता से भी रास्ता निकाल लेना सिखाता है। शिक्षक जो तर्क व कुतर्क के अंतर को समझाता है। शिक्षक जो केवल चलना नहीं, गिरकर उठना भी सिखाता है। शिक्षक जो भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना सिखाता है। शिक्षक जिसे समाज संस्कार, नम्रता, सहानुभूति व सहानुभूति की चलती फिरती पाठशाला मानता है। कहा जाता है कि एक शिक्षक का दिमाग देश में सबसे बेहतर होता है। एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कुछ छात्रों और दोस्तों ने उनका जन्मदिवस मनाने की इच्छा ज़ाहिर कि, इसके जवाब में डॉक्टर राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की बजाय इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे बहुत गर्व होगा। इसके बाद से ही पूरे भारत में 5 सितंबर का दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन इस महान शिक्षाविद को हम सब याद करते हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने 12 साल की उम्र में ही बाइबिल और स्वामी विवेकानंद के दर्शन का अध्ययन कर लिया था। उन्होंने दर्शन शास्त्र से एम.ए. किया और 1916 में मद्रास रेजीडेंसी कॉलेज में सहायक अध्यापक के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। उन्होंने 40 वर्षों तक शिक्षक के रूप में काम किया। वह 1931 से 1936 तक आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसके बाद 1936 से 1952 तक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर रहे और 1939 से 1948 तक वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर आसीन रहे। उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन किया। साल 1952 में उन्हें भारत का प्रथम उपराष्ट्रपति बनाया गया और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनने से पहले 1953 से 1962 तक वह दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसी बीच 1954 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें ‘भारत रत्न’ की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. राधाकृष्णन को ब्रिटिश शासनकाल में ‘सर’ की उपाधि भी दी गई थी। इसके अलावा 1961 में इन्हें जर्मनी के पुस्तक प्रकाशन द्वारा ‘विश्व शांति पुरस्कार’ से भी सम्मानित किया गया था। अतः हम कह सकते है कि वे जीवन भर अपने आप को शिक्षक मानते रहे और उन्होंने अपना जन्मदिन भी इसी परिपाटी का पालन करने वाले शिक्षकों के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे, शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना ही नहीं है। जानकारी का अपना महत्व है लेकिन बौद्धिक झुकाव और लोकतांत्रिक भावना का भी महत्व है, क्योंकि इन भावनाओं के साथ छात्र उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। वे मानते थे कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा, तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा। आज शिक्षा को मिशन बनाना होगा। शिक्षा की पहुँच इस देश के अंतिम घर के अंतिम व्यक्ति तक होनी चाहिए। इसके लिए केवल शिक्षकों को ही नहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक वो व्यक्ति जो अपने आपको शिक्षा देने में सक्षम समझता है उसे आगे आना होगा। अपने यहाँ अधिक से अधिक मोहल्ले एवं ग्रामीण शिक्षा केंद्र संचालित करने की चुनौती को उसे स्वीकार करना होगा। ताकि समाज का कोई भी वर्ग या स्थान शिक्षा से वंचित न रहे। उसे प्रतिदिन या सप्ताह में कुछ समय शिक्षा जैसे पुनीत कार्य के लिए लगाना होगा। इस कार्य के लिए उसे अपने जैसे बहुत से लोगों को खड़ा करना होगा व इस अभियान में सहयोगी बनने के लिए उनका भाव जागृत करना होगा। शिक्षक के नाते अब हमें शिक्षा को क्लास रूम से बाहर ले जाने की पहल करनी होगी यानि उसकी व्यावहारिकता पर ज्यादा ध्यान देना होगा। विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता में लाना होगा। ताकि विद्यार्थी का कौशल उसके जीवन का हिस्सा बन सके और आगे उसे रोज़गार से जोड़ा जा सके। शिक्षा को फ़ॉर्मल एजुकेशन के साथ ङ्क साथ अनौपचारिक यानी इन-फ़ॉर्मल एजुकेशन बनाने की ओर भी अब हमें अपने प्रयासों को अधिक गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। कोविड ने हमें आज इस विषय की ओर देखने की दृष्टि भी दी है ताकि भविष्य में किसी विकट परिस्थिति व आर्थिक संकट के समय स्व-रोज़गार के आधार पर हम आत्मनिर्भरता की भावना के साथ उस परिस्थिति का सामना कर सके। सच्ची अभिव्यक्ति व प्रेरक शक्ति का दिन- तो आईये, आज शिक्षक दिवस के दिन इन सभी बातों का पुनः स्मरण कर, अपने हौंसलों की उड़ान को ओर बढ़ाते है। शिक्षक के दायित्वबोध को और अधिक संकल्प के साथ निभाते है। डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन के विभिन्न प्रेरक पहलुओं से सीख ले,प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा को ले जाने के अपने प्रयास को गति देते है। मैं से प्रारंभ कर इस शिक्षा रुपी अलख को लाखों ङ्क लाखों का सपना बनाते हैं। वास्तव में शिक्षक होने के नाते आज शिक्षक दिवस के दिन डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के प्रति व अपने आदर्श प्रेरणादायी शिक्षकों के प्रति यही हमारी सच्ची अभिव्यक्ति व प्रेरक शक्ति होगी।


## नीचता की हद”पति ही करवाता रहा अपनी पत्नी का बलात्कार’

एक ओर जहां इन दिनों भारत में महिलाओं के यौन उत्पीडऩ् तथा उनके विरुद्ध अन्य अपराधों की आंधी सी आई हुई है, वहीं फ्रांस के पैरिस में भी एक महिला के उत्पीडऩ् का घिनौना मामला सामने आया है। वहां ‘डोमिनिक पेलिकॉट’ (71) नामक एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी (72) को हर रात नशे की दवाएं देकर स्वयं उससे बलात्कार करने के अलावा कई अनजान पुरुषों से 10 वर्षों तक उसका बलात्कार करवाने का मामला सामने आया है। इनका विवाह 50 वर्ष पूर्व हुआ था और वह 3 बच्चों की मां है। अब इनमें तलाक हो चुका है। इस संबंध में पुलिस ने बलात्कार के 91 मामलों में शामिल 72 लोगों की पहचान करके उनमें से 51 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। 26 से 73 वर्ष आयु के बीच के इन आरोपियों में फायरमैन, लॉरी ड्राइवर, काऊंसलर, बैंक कर्मी, जेल गार्ड, नर्स (पुरुष) और पत्रकार तक शामिल हैं। इनमें से अनेकों ने एक बार तो कुछ ने 6-6 बार यह अपराध किया। पुलिस के संज्ञान में यह मामला आने के बाद अब इसकी अदालत में सार्वजनिक सुनवाई शुरू हो गई है जो 20 दिसम्बर तक चलेगी। पुलिस के अनुसार आरोपी ‘डोमिनिक पेलिकॉट’ एक वैबसाइट के जरिए विभिन्न पुरुषों से संपर्क करके अपनी पत्नी से सम्बन्ध बनाने के लिए उनको आमंत्रित करता था। पत्नी को गहरी नींद में सुलाने के लिए वह उसके खाने-पीने की चीजों में नींद की गोलियां मिला देता और फिर लोगों से अपनी पत्नी का बलात्कार करवाता तथा इस गंदी घटना की वीडियो भी बनाता था। पुलिस ने उसके कम्प्यूटर की जांच की तो उसमें उसकी पत्नी के सैंकड़ों वीडियो मिले जिनमें वह बेहोश नजर आ रही थी और वीडियो में अलग-अलग पुरुष उसका बलात्कार करते दिखाई दे रहे थे। आरोपी द्वारा अपनी ही पत्नी का दूसरों से बलात्कार करवाने का सिलसिला 2011 से 2020 तक चलता रहा। पुलिस ने आरोपी को सितम्बर, 2020 में उस समय पकड़ा था जब वह एक शापिंग सैंटर में महिलाओं का गुप्त रूप से वीडियो बना रहा था।

# भ्रष्टाचार रोकने के लिए यूपी का रास्ता अपनाना होगा

**अशोक मधुप**

आज आमजन भ्रष्टाचार पीड़ित है। ऐसा लगने लगा है कि कोई काम अब रिश्वत दिए बिना नहीं होता। भ्रष्टाचार देश की जड़ तक पहुंच गया। सभी इससे परेशान हैं किंतु इसके रोकने के लिए कोई पहल नही कर रहा। ईमानदारी का चोला पहन कर राजनीति में आई आम आदमी पार्टी खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। आप के सर्वे सर्वा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं दिल्ली के शराब घोटाले में जेल में हैं। भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने नई व्यवस्था की है। ये बहुत अच्छी व्यवस्था है हालांकि अभी इसमें बहुत कुछ करना होगा। उत्तर प्रदेश के इस मॉडल को पूरे देश को स्वीकारना होगा। भ्रष्टाचार करने वालों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश की कार्रवाई को अन्य प्रदेशों को अपने यहां लागू करना होगा, हालांकि अभी उत्तर प्रदेश में शुरूआत है। इस आदेश के परिणाम आने में समय लगेगा। अपराधियों और माफियाओं के विरूद्ध उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुलडोजर चलाया। उनके द्वारा खड़ी की गई अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। ये प्रयोग इतना सफल रहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध घटे। अपराधी प्रदेश छोड़कर भागने लगे। प्रदेश की कामयाबी देख अन्य कुछ राज्यों ने भी यही बुलडोजर की कार्रवाई को स्वीकारा। इसे अपने यहां लागू किया। स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों के बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक्शन की प्रशंसा की। प्रदेश में भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक आदेश में राज्य के आईएएस, आईपीएस, पीपीएस, पीसीएस अफसरों की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों को भी ऑनलाइन संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया था। हालांकि शिक्षकों, निगम कर्मचारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों को अभी इसमें शामिल नहीं किया गया। सरकार ने इसके लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए इसके लिए आखिरी तारीख 31 अगस्त तय की गई थी। आदेश के बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ये काम नहीं किया। इस कारण सरकार ने इनकी सैलरी रोकने का आदेश किया दी। पहले खबर आई थी इनका प्रमोशन भी रोका जा रहा है। अब यूपी सरकार ने कर्मचारियों को एक महीने का और वक्त दिया है। ये सरकार की ओर से आखिरी अल्टीमेटम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मात्र 71 फीसदी कर्मचारियों ने ही अपनी चल और अचल संपत्ति की जानकारी अपलोड की है। 2,44,565 राज्य कर्मचारियों की संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाया। उत्तर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों के प्रमुखों को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि सभी सरकारी कर्मचारी 31 अगस्त तक चल-अचल संपत्ति घोषित करें नहीं तो उनका प्रमोशन नहीं होगा। इसके साथ ही कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी भी नहीं आएगी। सरकारी कर्मियों को संपत्ति घोषित करने का निर्देश पहले भी दिया जा चुका है लेकिन संतोषजनक रिस्पांस नहीं मिलने पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है। यूपी सरकार ने अब राज्य कर्मचारियों को एक महीने की छूट दी है और आदेश दिया है कि कर्मचारी दो अक्तूबर तक संपत्ति का ब्यौरा दे सकेंगे। पहले ब्यौरा न देने वालों कर्मचारियों की



अगस्त महीने की सैलरी रोकने का आदेश दिया गया था। संपत्ति का ब्यौरा देने में टेक्सटाइल, सैनिक कल्याण, ऊर्जा, खेल, कृषि और महिला कल्याण विभाग के कार्मिक सबसे आगे रहे। जबकि, शिक्षा विभाग के कार्मिक अपनी संपत्ति को छिपाने में आगे हैं। इस लिहाज से सबसे फिसड्डी बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और राजस्व विभाग साबित हुए। 17 अगस्त को जब यह आदेश जारी हुआ था, तब 131748 यानी 15 फीसदी राज्य कर्मियों ने ही पोर्टल पर अपनी संपत्ति दर्ज की थी। 20-31 अगस्त के बीच यह बढ़कर 71 फीसदी हो गया। शासन के एक उच्चपदस्थ अधिकारी ने बताया कि संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। सभी विभागों को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। प्रदेश में कुल 846640 राज्य कर्मी हैं। इनमें से 602075 ने ही मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा दिया। विवरण दर्ज कराने के आदेश पर जीपी मुख्यालय ने नियुक्ति विभाग को पत्र भेजकर उनके कार्मिकों के लिए संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए कुछ और समय दिए जाने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि त्योहारों और पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण तमाम पुलिस कर्मी समय से अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे पाए। माना जा रहा है कि गृह विभाग के लिए यह तिथि बढ़ाई जा सकती है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का अगस्त माह का वेतन रोका गया, इसे तभी जारी किया जाएगा, जब वे संपत्ति का ब्यौरा दे देंगे। उनकी संपत्ति का ब्यौरा मिलने पर वेतन देने का फैसला संबंधित विभाग शासन से वार्ता के बाद ले सकेंगे। लगता है कि इसी पत्र के बाद विवरण दर्ज कराने के लिए एक माह का और समय दिया गया है। आदेश सही है किंतु इसमें अभी सुधार करना होगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए अभी उत्तर प्रदेश को बहुत कुछ करना होगा। कर्मचारियों के अपनी चल और अचल संपत्ति के मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराने से काम नही चलेगा। इसके लिए उसके परिवार के सभी सदस्यों की संपत्ति का ब्यौरा दर्ज कराना होगा। ये आदेश राज्य सभी सरकारी और अर्ध सरकारी कर्मचारियों पर लागू किया जानी चाहिए। वास्तव में यह कार्य सेवा में आने से पूर्व होना चाहिए। सेवा में आने के बाद शादी होने पर कर्मचारी अपनी पत्नी की प्रत्येक प्रकार की संपत्ति दर्ज कराए। बच्चे होने पर उनका विवरण दर्ज हो। इतना ही नही जन प्रतिनिधियों, जन सेवकों पर भी यह व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। आज हालत यह है कि देख गया है कि प्रधान या स्थानीय निकाय का चेयरमैन बनते ही उसके पास लंबी चौड़ी गाड़ी आ जाती है। यह तभी रूकेगी जब, उसके और उसके परिवार की चल अचल संपत्ति चुने जाते ही शपथ से पूर्व घोषित की जाए। विधायकों और विधान परिषद सदस्य, विभिन्न बोर्ड के पदाधिकारी और सदस्यों पर भी यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए।समाज में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए देश को सख्त निर्णय लेने होंगे। भ्रष्ट हुई व्यवस्था अब बिना सख्ती के ठीक नही होगी।

# रायपुर में दो मंजिला कैफे जलकर खाक, अंदर फंसे ग्राहकों को निकाला गया बाहर, दूर से दिख रही थीं लपटें-काला धुआं






**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में गुरुवार को एक कैफे में भीषण आग लग गई। इसके चलते लगभग पूरा कैफे जलकर खाक हो गया। आशंका है कि किचन में गैस सिलेंडर लीक होने से हादसा हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब 1 घंटे में आग पर काबू पाया। हादसा सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, रविशंकर यूनिवर्सिटी के गेट के पास थाने से करीब 100 मीटर दूर दो मंजिला बंक क्लास कैफे है। दोपहर करीब 3.15-3.30 बजे के आसपास कैफे से धुआं निकलता दिखाई दिया और फिर आग की लपटें बाहर तक दिखने लगीं। इस दौरान कैफे के अंदर कुछ लोग मौजूद थे।

**वुड फरनिशिंग के कारण फैलती चली गई आग:** आग लगते ही कैफे में भगदड़ की स्थिति हो गई। कर्मचारी और अन्य स्टाफ भागकर बाहर निकाला। इस दौरान अंदर कुछ ग्राहक थे, उन्हें भी बाहर निकाला गया। इसके बाद कुछ मिनटों में ही आग ने पूरे कैफे को अपनी चपेट में ले लिया। तेज आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। 2 दमकलों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कैफे जलकर खाक हो चुका था। बताया जा रहा है कि कैफे में ज्यादातर काम वुड फ़रनिशिंग का था। इसके चलते आग तेजी से भड़कती चली गई।

## फार्मेसी काउंसिल के आनलाइन पंजीयन सुविधा का लोकार्पण



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन की आनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया है। अब फार्मेसी काउंसिल का पंजीयन सिस्टम आनलाइन हो गया है। इससे फार्मेसी छात्र तथा फार्मासिस्टों को पंजीयन अथवा नवीनीकरण के लिए रायपुर स्थित फार्मेसी काउंसिल का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब पंजीयन कराने के लिए आनलाइन आवेदन के बाद आवेदक को केवल एक बार दस्तावेजों के वेरीफिकेशन के लिए काउंसिल कार्यालय आना होगा।

कार्यक्रम का लोकार्पण करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पंजीयन कार्य के आनलाइन हो जाने से आवेदकों को अब काउंसिल के चक्कर नहीं लगाने होंगे, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट डाक्टर और मरीज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है जिस पर सही दवा एवं खुराक के निर्धारण की जिम्मेदारी होती है।

अभी तक फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए राज्य के सभी जिलों के विभिन्न स्थानों के फार्मेसी उत्तीर्ण छात्र फार्मासिस्ट पंजीयन के लिए रायपुर स्थित काउंसिल कार्यालय आते थे। इसी प्रकार पंजीकृत फार्मासिस्टों को नवीनीकरण के लिए रायपुर आना पड़ता था। अब पंजीयन तथा नवीनीकरण की व्यवस्था आनलाइन हो जाने से राज्य के सभी फार्मेसी छात्र एवं पंजीकृत फार्मासिस्टों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में राज्य में लगभग 33 हजार 300 फार्मासिस्ट पंजीकृत हैं। ये फार्मासिस्ट रिटेल दवा दुकान, थोक दवा दुकान, दवा निर्माण इकाइयों जैसे कार्यों को संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही ये विभिन्न फार्मेसी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

## छत्तीसगढ़ में हाथी ने ग्रामीण को कुचलकर मार डाला



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में दंतैल हाथी ने एक बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला। हाथी ने पहले सूंड से उठाकर पटका फिर पैरों से रौंदा, इससे बुजुर्ग के हाथ-पैर टूट गए। सड़क किनारे उसकी लाश मिली है। महीनेभर में ये चौथी मौत है। मामला पाली वन मंडल का है। 60 वर्षीय मेवाराम धनवार सोनाइपुर का रहने वाला था। बुधवार रात 10 बजे धारपखना घुईचुआ सड़क से जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसका हाथी से सामना हो गया।

मामले की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई। इस बीच ग्रामीण को मारने के बाद हाथी गांव की तरफ घुस गया। लोग घरों को छोड़कर भागने लगे। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।

मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान वन अमला हाथी के पीछे-पीछे लाउडस्पीकर लेकर घूमता रहा। वन अमला ने देर रात हाथी को बिंझरा जंगल की ओर खदेड़ा। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

मामले में कटघोरा छ्यारिवारह कुमार निशांत ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आसपास मुनादी गांव में कराई जा रही है। हाथी बिंझरा की तरफ है। हाथी पर नजर रखी जा रही है। गांव में मुनादी कराई जा रही है। जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी जा रही है।

# बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन पर निकले जवान पर गिरी बिजली

### अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ा दम; बस्तरिया बटालियन में पदस्थ था शहीद



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल ऑपरेशन पर निकले एक जवान पर आकाशीय बिजली गिर गई। अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शहीद जवान का नाम कमलेश हेमला (23) है। वे बस्तरिया बटालियन में पदस्थ थे। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। मामला बीजापुर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, गुरुवार की सुबह कावड़गांव में स्थिति कैंप से जवान नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर निकले हुए थे। इलाके के जंगल में सर्चिंग कर रहे थे। तभी अचानक से मौसम बदला। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। वहीं सर्च ऑपरेशन कर रहे जवान कमलेश हेमला पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

**अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम:** साथी जवान उन्हें फौरन मौके से अस्पताल लाने के लिए निकले थे। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वे शहीद हो गए। बताया जा रहा है कि शहीद जवान कमलेश बीजापुर के संतोषपुर गांव के रहने वाले थे। शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

**नक्सलियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन मानसून:** दरअसल, बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ मानसून में भी ऑपरेशन चल रहा है। फोर्स का ऑपरेशन मानसून जारी है। नदी-नाले, पहाड़, जंगल पार कर जवान अब नक्सलियों के कोर इलाके में घुस रहे हैं। एक दिन पहले दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सरहद पर जवानों ने 9 नक्सलियों का एनकाउंटर किया था। इनमें एक 25 लाख रुपए का इनामी नक्सली भी शामिल था।

## 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वकच्छता अभियान




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस स्वकच्छता अभियान के लिए नगरीय पालिका क्षेत्र में रहने वालों के लिए कचरा हटाने हेतु व्हाट्सएप नम्बर जारी की गई है, जिसके तहत जहां सबसे ज्यादा कचरा दिखने पर व्हाट्सएप नम्बर बैकुंठपुर 706772335, शिवपुर-चरचा 7990576074 तथा पटना नगर पंचायत के लिए 7406037504 नम्बर पर उस क्षेत्र के निवासी अपने, पता लिखकर उस कचरे के ढेर की फ़ोटो प्रेषित कर सकते हैं ताकि उस स्थान से कचरे की सफाई की जा सके। जिनके माध्यम से नागरिक कचरा संबंधी समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में स्वास्थ्य, एसईसीएल, शिक्षा, आदिवासी विकास, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बॉयफ्रेंड के साथ पकड़ी गई 2 बहनों ने खाया जहर, एक की मौत और दूसरी गंभीर, सूने घर पर मिलने पहुंचे थे प्रेमी





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 2 बहनों ने जहर खा लिया, जिससे छोटी बहन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घर पर बॉयफ्रेंड के साथ पकड़े जाने की वजह से दोनों ने जहर खाया है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दोनों के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 17 साल की छोटी बहन की मौत हुई है। वहीं 20 साल की बड़ी बहन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर है।

**प्रेमी को फोनकर घर बुलाई थी लड़कियां:** दरअसल, 3 सिंतबर को दोनों बहनें घर पर थीं। माता-पिता पोल्ट्री फॉर्म में काम करने चले गए थे। इस दौरान करीब 12 बजे दोपहर में दोनों बहन अपने-अपने प्रेमी को फोनकर घर बुलाई। दिनभर चारों लोग बंद कमरे में रहे। इसी बीच पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने लड़कियों के पिता को फोनकर सारी बातें बताई।

**पड़ोसियों ने जमकर हंगामा किया:** मामले की जानकारी मिलते ही पिता घर पहुंचे। इस वक्त शाम के 5-6 बज रहे होंगे। जब पिता पहुंचे तो लोगों की भीड़ थी। सभी लोग घर को घेर लिए थे। पड़ोसियों ने जमकर हंगामा किया। पड़ोसियों ने कहा कि तुम लोग सूने घर में क्यों आते हो। जब इनके मां-बाप रहते हैं तो क्यों नहीं आते। इसी को लेकर दोनों लड़कों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के आने पर दोनों को पुलिस के हवाले भी कर दिया।

**डर और लोक लाज की वजह से खा लिए जहर:** पिता ने बताया कि ये दोनों लड़के रात-रातभर बेटियों से बात करते हैं। मोहल्ले वाले कई बार इनको सूने घर में आते देखे हैं। लड़कों को मोहल्ले वाले डांट-फटकार लगा रहे थे। इसी बीच डर की वजह से दोनों बेटियों ने घर पर रखे फॉर्मेलिन (पोल्ट्री फार्म यूज होने वाली दवाई) पी ली।

**छोटी बहन ने दम तोड़ दिया:** इस दौरान इससे दोनों की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजनों ने दोनों बहनों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान छोटी बहन ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बड़ी बहन से बयान लेने के बाद दोनों बॉयफ्रेंड के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया।

**प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाया:** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों का नाम पालेश्वर कंवर (24)और भोजराम श्रीवास (24) है, जो सक्ती जिले के नगरदा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पीड़िता को प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाया।

**आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया:** पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पड़ोसियों को प्रेम संबंध के बारे में पता चलने पर आरोपियों ने दोनों युवतियों को सुसाइड कर लेने की बात कहते थे।आरोपियों के पास से मोबाइल और घटना में उपयोग बाइक बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ में बिलासपुर रहा सबसे ज्यादा गर्म, 33 डिग्री पहुंचा पारा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मौसम विभाग ने गुरुवार को भी मौसम सामान्य रहने और शाम को बारिश की संभावना जताई है। वहीं बुधवार को भी तेज धूप और उमस ने बेहाल कर दिया। इसके चलते तापमान बढ़कर 33.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो प्रदेश का सर्वाधिक तापमान रहा।

बिलासपुर जिले में कुछ दिनों से मानसून की गतिविधियां थम सी गई है। लगातार धूप और उमस की वजह से वातावरण की नमी भी गायब हो गई है। हालांकि, सिस्टम बन रहा है और बीच बीच में बदली भी आ रही है। लेकिन, सिस्टम कमजोर होने की वजह से बारिश नहीं हो रही है।

बुधवार को सूर्य की तपिश तेज हो गई, जिससे तेज धूप के साथ गर्मी और उमस ने आमजन की समस्या बढ़ा दी है। घर में लोगों को एसी, कूलर व पंखा चलाना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि, पांच सितंबर से मौसम में बदलाव हो सकता है। हल्की बारिश के साथ थोड़ी राहत मिल सकती है।

मौसम विज्ञानी डॉ..एचपी चंद्रा के मुताबिक, मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, सिवनी, रामागुंडम, कलिंगपट्टनम और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तटीय आंध्र प्रदेश और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र 5 सितंबर को पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। जिसके प्रभाव से बारिश होने का अनुमान है।


## नगर पालिक निगम चिरमिरी में रॉयल्टी घोटाले में हो कार्रवाई




**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (एजेंसी)।** नगर पालिक निगम चिरमिरी में कुछ वर्ष पहले हुए रॉयल्टी घोटाले का मामला काफी सुर्खियों में था लेकिन इस रॉयल्टी घोटाले मे सम्मिलितो पर इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी किसी प्रकार की कोई करवाई नहीं की गई यह एक सोचनीय विषय है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अभिजीत मुखर्जी हल्दीबाड़ी निवासी ने नगर पालिक निगम चिरमिरी से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर रॉयल्टी घोटाले में संबंधितो पर जांच करते हुए कार्रवाई करने के लिए लिखित शिकायत जन दर्शन में कलेक्टर एमसीबी को दी हैं ।कलेक्टर एमसीबी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सखाओ में निष्पक्ष जांच के लिए भेज दिए हैं। तावृत जांच करते हुए इसकी जानकारी कलेक्टर महोदय को उपलब्ध कराया जाए ताकि रॉयल्टी घोटाले में सम्मिलित सभी आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके। आपको बता दे की यह रॉयल्टी घोटाला से छत्तीसगढ़ शासन को लाखों का नुकसान हुआ है अगर रॉयल्टी से संबंधित रकम शासन के कोष में जमा होता तो इससे चिरमिरी सहित छत्तीसगढ़ में कभी विकास देखने को मिलता। लेकिन इस प्रकार से रॉयल्टी घोटाला किया जाएगा तो क्षेत्र में विकास किस प्रकार से संभव होगा। शासन भी रॉयल्टी घोटाला में सम्मिलितों पर निष्पक्ष जांच कराते हुए रकम की वसूली की जाए साथ ही इस प्रकार के मामले के पुर्नवृत्ति ना इसके लिए नाम लेकर ना हो इसके लिए कानूनी कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

# स्वाइन फ्लू का हॉट स्पॉट बना बिलासपुर, फिर एक मरीज ने तोड़ा दम

### अबतक 6 लोगों की मौत, 45 एक्टिव केस




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्वाइन फ्लू का कहर जारी है। बुधवार को फिर एक मरीज ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं 6 नए मरीजों की पहचान की गई है। बीते एक महीने से लगातार मरीज मिल रहे हैं। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में स्वाइन फ्लू के 45 केस एक्टिव हैं। अपोलो अस्पताल में भर्ती 59 साल की पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई है। सरकंडा के राजस्व कॉलोनी में रहने वाली 59 वर्षीय महिला को सर्दी खांसी और बुखार की समस्या थी। लगातार कई दिनों तक के तबीयत ठीक नहीं होने पर उन्हें 2 सितंबर को अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के बाद में उनकी स्थिति नहीं सुधर रही थी।

**बिलासपुर में 145 से अधिक मरीज, 6 की मौत:** स्वाइन फ्लू पीड़ितों के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बिलासपुर के अलावा प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी स्वाइन फ्लू के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। जिले की बात करें तो अब तक 145 मरीज मिल चुके हैं। वहीं इलाज के दौरान अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी, जिनमें 3 दूसरे जिले के रहने वाले थे। इलाज के लिए यहां अस्पताल में भर्ती किया गया था, जबकि शहर के 6 मरीजों की स्वाइन फ्लू से जान जा चुकी है।

**नियंत्रण के सारे दावे फेल:** तमाम कोशिशों के बाद भी जिले में स्वाइन फ्लू के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार नए मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। वहीं बीमारी पर नियंत्रण के प्रयास और दावे फेल साबित हो रहे हैं। मौजूदा स्थिति में शहरी क्षेत्र के हर बड़े मोहल्ले से इसके मरीज मिल चुके हैं।

साफ है कि रोकथाम के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया तो और लोग भी इससे संक्रमित हो जाएंगे। हालांकि नियंत्रण टीम को मरीज के संपर्क में आने वालों को स्वाइन फ्लू जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि इनमें से कोई संक्रमित मिलता है, तो उसका उपचार कर इस संक्रमित बीमारी को नियंत्रण में लाया जा सके।

## छत्तीसगढ़ में 6,285 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति होगी निरस्त

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के प्राइमरी स्कूल में नियुक्त 6285 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति निरस्त करने हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया और कहा कि प्राइमरी स्कूल में भर्ती के ये हकदार नहीं। साल 2023 में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए प्राइमरी स्कूलों में बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति की थी, जबकि स्ट ने अपने फैसले में साफ कहा था कि 11 अगस्त के फैसले के बाद बीएड डिग्रीधारियों को प्राइमरी स्कूलों के पद पर अपॉइंटमेंट नहीं दिया जा सकता है।

इसके बाद भी देश में केवल छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य है, जहां बीएड डिग्रीधारकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी है।

# गुरू की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गुरू का अर्थ ही है, जो हमें अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाए। भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन ने अपना जन्मदिवस शिक्षकों के लिए समर्पित किया। शिक्षक दिवस पर प्रदेश के समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन कर एक श्रेष्ठ पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को उज्जैन में शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने संस्कृत के साथ ही हिन्दी को भारतीय समाज की प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित और सम्मानित करने का कार्य किया। हमारी बोलियां भी क्रमिक विकास के साथ भाषा में परिवर्तित होती हैं। मूर्धन्य साहित्यकार श्री माधवराव सप्रे



और माखनलाल चतुर्वेदी ने राष्ट्र भाषा हिन्दी के विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षक दिवस कार्यक्रमों में सम्मानित शिक्षकों को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिक्षक दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधव नगर उज्जैन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह-2024 को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक घटिटया क्षेत्र श्री सतीश मालवीय, श्री बहादुरसिंह बोरमुंडला, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण सुश्री शिल्पा गुप्ता, संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शराब नीति केस-केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में गुरुवार को अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले केजरीवाल और सीबीआई का पक्ष सुना। अदालत में वकील ने कहा कि केजरीवाल को इसलिए गिरफ्तार किया गया, ताकि वे जेल से बाहर ना आ सकें जबकि जमानत नियम और जेल अपवाद है। मनीष सिसोदिया को जमानत देते वक्त कोर्ट ने यही कहा था। सीबीआई ने दलील दी कि केजरीवाल को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए, सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं आना चाहिए। अगर उन्हें जमानत मिली तो हाईकोर्ट को निराशा होगी। केजरीवाल की जमानत और सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच सुनवाई कर रही है। केजरीवाल का पक्ष वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी रख रहे हैं जबकि सीबीआई को एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू रिप्रेजेंट कर रहे हैं। केजरीवाल को शराब नीति से जुड़े ईडी केस में सुप्रीम कोर्ट से ही 12 जुलाई को जमानत मिल चुकी है। इस केस में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और भारत राष्ट्र समिति लीडर के कविता को जमानत दी जा चुकी है।

## देश की चौथी सबसे अमीर महिला की भाजपा से बगावत

हिसार। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार देर शाम को 67 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की थी। लिस्ट आते ही पार्टी में बगावत शुरू हो गई है। कई पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर ही इस्तीफा दे दिया। वहीं, गुरुवार सुबह देश की चौथी सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने भी बगावत कर दी है। भाजपा से टिकट न मिलने के बाद उन्होंने हिसार से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सावित्री जिंदल ने समर्थकों से कहा- मैं भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं हूं। मैं चुनाव न लड़ने के बारे में बोलने के लिए दिल्ली से वापस आई थी, लेकिन आपका प्यार और विश्वास देखकर मैं चुनाव लड़ूंगी। सावित्री मशहूर उद्योगपति और कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां हैं। हिसार सीट पर उनका मुकाबला भाजपा के मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से होगा। भाजपा की बुधवार को जारी लिस्ट में हिसार से सावित्री जिंदल का नाम न देख उनके समर्थक गुरूवार सुबह जिंदल हाउस पहुंचकर गए। उन्होंने सावित्री जिंदल के निर्दलीय चुनाव लड़ने के नारे लगाए। समर्थक उनके पति स्व. ओपी जिंदल की फोटो भी लेकर आए थे। इधर, सावित्री जिंदल एक दिन पहले ही दिल्ली रवाना हो गई थी।

## सिक्किम में सेना के 4 जवानों की खाई में गिरकर मौत

नई दिल्ली। सिक्किम के पाकयोंग जिले में गुरुवार(5 सितंबर) को एक सड़क दुर्घटना में सेना के 4 जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के जुलुक जाते समय हुई। 3 की मौत मौके पर ही हो गई, वहीं एक जवान की अस्पताल के लिए जाते समय मौत हो गई।

## कर्नाटक सरकार ने एसबीआई-पीएनबी के बायकॉट का फैसला वापस लिया

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक बैंक को बायकॉट करने का फैसला वापस ले लिया है। सरकार ने गुरुवार (5 सितंबर) को इसकी घोषणा की। एसबीआई-पीएनब ने सरकार को एक साल के ब्याज के साथ गबन किए गए 22.67 करोड़ का भुगतान कर दिया है। इसके बाद सरकार ने 12 अगस्त को जारी किया अपना सर्कुलर वापस ले लिया। सरकार का आरोप था कि एसबीआई-पीएनब ने सरकारी धन का गलत इस्तेमाल किया है। हालांकि, दोनों बैंकों की अपील के बाद सरकार ने 16 अगस्त को अपने सर्कुलर पर 15 दिनों के लिए रोक लगाई थी। कर्नाटक सरकार ने 12 अगस्त को सर्कुलर में सभी सरकारी विभागों को दोनों बैंकों के साथ कामकाज बंद करने का निर्देश दिया था। इन बैंकों से अपना पैसा निकालने और अकाउंट को बंद करने को कहा गया था। साथ ही सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों और स्थानीय निकायों को इन बैंकों से अपना पैसा निकालने का आदेश दिया गया था। यूनिवर्सिटी और दूसरे सरकारी संस्थानों को भी इन बैंकों में अपने खाते बंद करने के निर्देश दिए गए थे। इन बैंकों में कोई और जमा या निवेश नहीं करने का ऑर्डर था। राज्य सरकार ने 12 अगस्त को अपने सर्कुलर में बताया कि कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड ) ने सितंबर 2011 में राजाजीनगर ब्रांच में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में 25 करोड़ रुपए रखे थे।

## राहुल बोले- कांग्रेस जाति जनगणना कराकर रहेगी

मुंबई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज महाराष्ट्र दौरे पर हैं। इस दौरान राहुल ने महाराष्ट्र के सांगली में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां राहुल ने जाति जनगणना और शिवाजी मूर्ति गिरने के विवाद पर पीएम मोदी के माफी मांगने पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि हम जाति जनगणना कराकर रहेंगे। सांगली में जनसभा से पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सांगली में पूर्व राज्य मंत्री दिवंगत पतंगराव कदम की प्रतिमा का अनावरण किया। कदम का 2018 में निधन हो गया था इस मौके पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार और कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात भी मौजूद रहेंगे। 27 अगस्त को पालघर में मोदी ने एक प्रोग्राम में सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। आज मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक



हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं। इससे पहले महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी माफी मांग चुके हैं। हालांकि, भाजपा के माफी मांगने के बाद भी विपक्ष लगातार सरकार पर हमला कर रहा है।

## मोदी सूरत में करेंगे जल संचय जन भागीदारी पहल की शुरुआत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के सूरत में %जल संचय जन भागीदारी% पहल की शुरुआत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह पहल मौजूदा %जल शक्ति अभियानः कैच द रेन% के तहत है, जो मोदी के दीर्घकालिक जल सुरक्षा के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करता है। इस पहल का मकसद गुजरात में नागरिकों, स्थानीय निकायों, उद्योगों और अन्य



हितधारकों को वर्षा जल संचयन संरचनाएं लागू करने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल को एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अन्य राज्यों को भी जल-प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी और पूरे देश में जल सुरक्षा बढ़ेगी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के समाज के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें हर बूँद बारिश के पानी को एक मूल्यवान संसाधन में बदलने की दिशा में सामूहिक प्रयास की अपील की गई है। इस पहल के तहत निर्मित संरचनाएं वर्षा जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और गुजरात में जल संरक्षण की सफलता को प्रदर्शित करेंगी।

## हरियाणा में मंत्री रणजीत चौटाला ने भाजपा छोड़ी

सिरसा। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने टिकट न देने पर भाजपा छोड़ दी है। कल (4 सितंबर) भाजपा की 67 उम्मीदवारों की लिस्ट के बाद उन्होंने गुरुवार को समर्थकों के साथ मीटिंग की।

रणजीत ने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने के लिए कहा था, लेकिन मैं वहां से नहीं लड़ना चाहता। मैं इसी समय पार्टी छोड़ रहा हूं। 90ब तय है कि रानियां विधानसभा से निर्दलीय ही चुनाव लड़ूंगा। आगामी 8 सितंबर को रानियां



में बड़ा रोड शो निकालकर भाजपा को अपनी ताकत दिखाऊंगा। रणजीत चौटाला पूर्व डिप्टी पीएम चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में शामिल कर हिसार से चुनाव लड़ाया था। हालांकि वे चुनाव हार गए। इसके बाद वह सिरसा के रानियां से अपनी विधानसभा सीट पर फिर टिकट मांग रहे थे। लोकसभा चुनाव हारने और रानियां के विधायक पद से इस्तीफा देने के बावजूद भाजपा ने रणजीत चौटाला को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कैबिनेट में बिजली मंत्री बनाए रखा। रणजीत चौटाला के लिए बगावत नई बात नहीं है। इससे पहले रणजीत अपने पिता देवीलाल की पार्टी लोकदल को छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। जवानों ने हथियार और शव बरामद कर लिए हैं। दो जवानों को भी गोली लगी है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। तेलंगाना की ग्रेहाउंड पुलिस को सूचना मिली थी कोत्तागुडेम जिले के गुंडाला-करकागुडेम इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी आधार पर फोर्स को एक दिन पहले ही सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। दो दिनों में ये दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले 3 सितंबर को दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 9 नक्सली मारे गए थे अब तेलंगाना बॉर्डर पर 6 ढेर किए गए। जवान आज सुबह ही नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे।

## सीएम भगवंत मान ने पुलिस के आधुनिकीकरण पर दिया जोर

अमृतसर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर दिया जा रहा है, ताकि हर पंजाबी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके और सभी की जान-माल की रक्षा हो सके। सड़कों पर सुरक्षा के माहौल को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई



में पंजाब सरकार ने पंजाब में सड़क सुरक्षा फोर्स का गठन किया है। इस फोर्स का मुख्य कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना और घायलों को अस्पताल तक पहुँचाना है। इसके साथ ही, यह फोर्स सड़कों पर नागरिकों को हर प्रकार की सहायता प्रदान कर रही है। पंजाब सरकार द्वारा फरियादियों को तत्काल मदद उपलब्ध कराने के लिए %इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल्स% (ई.आर.वी) की शुरुआत की गई है। पंजाब सरकार ने कानून और व्यवस्था के विंग को मजबूत करने के लिए लगभग 21 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिसमें पुलिस कर्मियों को बुलेटप्रूफ जैकेट, कैमरे, आधुनिक हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर सूट, और आधुनिक शील्ड से लैस किया गया है, जिससे पुलिस जवान हर स्थिति का सामना तत्परता और दक्षता के साथ कर सकेंगे। पंजाब पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहाँ सड़क सुरक्षा के लिए अपनी खुद की पुलिस है। सड़क सुरक्षा फोर्स के लिए 116 टोयोटा हिलक्स जैसी गाड़ियाँ प्रदान की गई हैं, जो देश में कहीं भी नहीं हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल फरवरी में सड़क सुरक्षा फोर्स के सक्रिय होने के बाद कर्मचारियों द्वारा 1300-1400 लोगों की जान बचाई गई है। इसके अतिरिक्त, सड़क हादसे का शिकार हुए लोगों की गाड़ियों में रह चुके लगभग 80 से 90 लाख रुपए की नकदी और गहनों को भी कर्मचारियों द्वारा उनके घरों तक पहुँचाया गया है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, पीड़ित के पिता बोले- बेटी का शव देते वक्त पुलिस ने पैसे ऑफर किए




नई दिल्ली। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर को लेकर आज 28वें दिन प्रदर्शन जारी है। बुधवार देर रात डॉक्टर के माता-पिता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। पीड़ित के पिता ने कहा- पुलिस शुरुआत से ही इस केस को दबाने की कोशिश कर रही है। डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने तक हमें पुलिस स्टेशन में इंतजार करना पड़ा। बाद में, जब बेटी का शव हमें सौंपा गया तो एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने हमें पैसे देने की पेशकश की। कोलकाता रेप-मर्डर पीड़ित के माता-पिता भी बुधवार को प्रदर्शन में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि रेप पीड़ित या उसके परिवार की पहचान उजागर न हो, इसलिए हम उनकी फोटो को ब्लर करके दिखा रहे हैं। जब तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ, 300-400 पुलिस वालों ने हमें घेर रखा था, लेकिन अंतिम संस्कार हो जाने के बाद वहाँ एक भी पुलिस वाला नहीं दिखा। परिवार क्या करेगा, कैसे घर जाएगा, पुलिस ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली। जब घर में बेटी का शव माता-पिता के सामने पड़ा था और हम आंसू बहा रहे थे, तब पुलिस पैसे दे रही थी, क्या यही पुलिस की मानवता है? पुलिस कह रही थी कि उन्होंने अपनी सारी जिम्मेदारियाँ पूरी कर दी हैं, क्या इसे ही जिम्मेदारी निभाना कहते हैं? कलकत्ता हाईकोर्ट ने ट्रेनी डॉक्टर के बारे में सोशल मीडिया पर की जा रही घिनौनी पोस्ट पर 18 सितंबर तक छ्व्रह्लक्र से रिपोर्ट मांगी है।

## नीतीश ने भोजपुर में कई विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज आरा (भोजपुर जिला) के जीरो माइल में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह ने मास्टर प्लान के जरिए निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल का भवन भूकंपरोधी बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राजकीय अस्पताल का निर्माण कार्य 15 अगस्त 2025 से पहले पूर्ण करें। अधिकारी निर्माण कार्य की सतत निगरानी करते रहें ताकि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो सके।

इस अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को चिकित्सकीय सेवा में और सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिला में कुल 41 करोड़ 63 लाख 86 हजार रूपये की योजनाओं का उद्घाटन किया तथा 62 करोड़ 66 लाख 57 हजार 650 रूपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर में राजकीय बुनियादी 10+2 विद्यालय का उद्घाटन किया और निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी



ली। मुख्यमंत्री ने 50 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत 10 आवेदकों को चाभी प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बखोरापुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बखोरापुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अच्छा बना है। यहां सारी व्यवस्थाओं को इसी तरह बनाए रखें ताकि मरीजों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहे। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने आदर्श ग्राम पंचायत सरकार भवन, बखोरापुर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 6.52 करोड़ रुपए की लागत से भोजपुर जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना, हसनबाजार का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया तथा 18.07 करोड़ रुपए की लागत से भोजपुर जिला में निर्मित होने वाले दो थाना भवनों सहित कुल 12 पुलिस भवनों का शिलान्यास किया।

# शरत कमल की निकट भविष्य में संन्यास की योजना नहीं

नयी दिल्ली । भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल के पांचवें ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद संन्यास की योजना बनाने की उम्मीद थी लेकिन 42 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को पेशेवर टूर पर एक और सत्र में खेलने की प्रतिबद्धता जाहिर की। शरत को बुधवार को एशियाई चैम्पियनशिप की पुरुष टीम का कप्तान बनाया गया जो अगले महीने अस्ताना में खेली जायेगी। पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक शरत ने पीटीआई से कहा कि वह सात अक्टूबर से शुरू होने वाले एशियाई चैम्पियनशिप के लिए कजाखस्तान की यात्रा से पहले इस महीने के अंत में चाइना स्मैश में भी हिस्सा लेंगे। भारत की सर्वश्रेष्ठ 37 रैंकिंग हासिल करने वाले शरत दोहा में 2025 विश्व चैम्पियनशिप में खेलने का लक्ष्य भी बनाये हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, ''अगले नौ महीने से एक साल तक मैं सक्रिय खिलाड़ी बना रहूंगा। लेकिन साथ ही मैं आईओसी और आईटीटीएफ में विकल्प की तलाश करूंगा। अपने देश में टीटीएफआई के साथ एक ढांचा बनाने में मदद करने की कोशिश करूंगा ताकि साई और टीटीएफआई के बीच अंतर कम हो सके और खेल में ज्यादा से ज्यादा कोरपोरेट प्रायोजक आयें।

# विराट कोहली ने दिया 66 करोड़ रुपये का टैक्स




नई दिल्ली। फॉर्च्यून इंडिया द्वारा जारी सूची के अनुसार, पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश में सबसे अधिक कर देने वाले खिलाड़ी होंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के शीर्ष खेल आइकन में से एक कोहली ने वित्त वर्ष 2024 में 66 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह राशि आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क (24.75 करोड़ रुपये) की बिक्री कीमत से लगभग तीन गुना अधिक है। कुल मिलाकर, वह अभिनेता शाहरुख खान (92 करोड़), विजय (80 करोड़), सलमान खान (75) और अमिताभ बच्चन (71 करोड़) के बाद सेलिब्रिटी करदाताओं में पांचवें स्थान पर रहे। विराट कोहली, जो पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने के बाद क्रिकेट से ब्रेक पर हैं, भारत में सबसे अधिक कर देने वाले सेलिब्रिटी की सूची में अन्य खेल हस्तियों से काफी आगे हैं। बता दें कि सूची में अगले क्रिकेट दिग्गज एमएस धोनी थे। दो बार के विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान ने पिछले वित्तीय वर्ष में 38 करोड़ रुपये का भुगतान करके सातवां स्थान प्राप्त किया। 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद धोनी सबसे अधिक कमाई करने वाले भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। वह अब केवल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते हैं। हालांकि, अगले सीजन में उनकी भागीदारी पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। कोहली और धोनी के बाद, मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर सबसे ज़्यादा करदाताओं की सूची में शीर्ष 10 में शामिल होने वाले एकमात्र अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। महान क्रिकेटर, जो अभी भी वनडे और टेस्ट में सबसे ज़्यादा रन बनाने, दोनों प्रारूपों में सबसे ज़्यादा शतक बनाने और 200 टेस्ट मैच खेलने वाले दुनिया के एकमात्र क्रिकेटर हैं, ने वित्त वर्ष 24 में कुल ?28 करोड़ का कर चुकाया। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली, जो कुछ समय तक बीसीसीआई अध्यक्ष भी रहे, इस सूची में 12वें स्थान पर हैं। गांगुली ने 23 करोड़ रुपए कर के रूप में चुकाए। इस सूची में मौजूदा भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत भी शामिल हैं। ऑलराउंडर हार्दिक ने 13 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया, जबकि चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने 10 करोड़ रुपये टैक्स के तौर पर चुकाए।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी नॉमिनेट ही नहीं हुए, 21 साल में पहली बार हुआ ऐसा

**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और न ही लियोनेल मेसी 2024 में बैलन डी ओर पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 30 उम्मीदवारों की सूची में जगह नहीं बना पाए। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेत कप्तान लियोनेस मेसी ने किसी भी अन्य खिलाड़ी (2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और 2023) की तुलना में सबसे अधिक बार बैलन डी ओर जीता है। लियोनेल मेसी को पिछले साल आठवीं बार विजेता घोषित किया गया था। तब उन्होंने 2022 के अंत में अर्जेंटीना को तीसरी बार विश्व कप में जीत दिलाई थी। पुर्तगाली दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पांच बार (2008, 2013, 2014, 2016 और 2017) ये पुस्कार जीता है। साल 2008 से 2017 के बीच 10 साल तक लगातार क्रिस्टियानो रोनाल्डो या लियोनेल मेसी के नाम ही ये खिताब रहा था। साल 2018 में क्रोशियाई फुटबॉलर लुका मोड्रिक ने ये पुस्कार जीता था। फ्रांस फुटबॉल ने 2024 के लिए बुधवार 4 सितंबर 2024 को सूची जारी की। इसमें जूड बेलिंगहैम, विनीसियस जूनियर, किलियन एमबाप्पे, लैमिन यामल, निको विलियम्स और डेनी ओल्मो जैसे नाम शामिल हैं। पिछले सीजन में चैंपियंस लीग और ला लीगा जीतने वाले रियल मैड्रिड के पास किसी भी अन्य क्लब की तुलना में अंतिम 30 में अधिक उम्मीदवार थे। इस गर्मी में यूरो जीतने वाली स्पेनिश टीम के 6 खिलाड़ियों को अंतिम 30 में नामित किया गया था।

# पाकिस्तान की इस महिला क्रिकेटर को रोहित-विराट को बधाई देना पड़ा महंगा

नई दिल्ली। पाकिस्तान की महिला क्रिकेटर निदा डार एक्स पर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। वहीं निदा को सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं बल्कि भारत के फैंस भी जमकर ट्रोल कर रहे हैं। इसके पीछे कारण टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली हैं। दरअसल, निदा ने इन दोनों खिलाड़ियों को एक्स पर बधाई दी है जिसके बाद से ही उन्हें ट्रोलर्स के सामना करना पड़ रहा है। निदा डार ने एक्स पर रोहित शर्मा और विराट कोहली और भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि, भारत को टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर बहुत बधाई। रइन लोगों ने वर्ल्ड क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है। उनकी लीडरशिप स्किल और डेडिकेशन से इस दुनिया को बहुत प्रेरणा मिलती है। हैप्पी रिटायरमेंट्स लेजेंड्स। बता दें कि, निदा ने दो महीने बाद टीम इंडिया को बधाई दी है। भारत ने 29 जून को टी20 वर्ल्ड कप जीता था। यही कारण है कि फैंस ने निदा को आड़े हाथों लिया और कहा कि दो महीने बाद यादा आया है। वहीं कुछ के मुताबिक निदा टाइम ट्रैवल करने गई और वहीं अटक गई। हालांकि, कुछ समय बाद निदा ने ये पोस्ट डिलीट कर दी।



# पाकिस्तान की हार पर छलका वसीम अकरम का दर्द, कहा- ये बहुत बड़ा झटका, मैं शर्मिंदा हूं...

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हार से हर पाकिस्तान आहात है। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान की भद्द पिटी है। इस सीरीज को बांग्लादेश ने 2-0 से जीता है। जिसके बाद पाकिस्तान की हार पर पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम का दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि उन्हें पाकिस्तान की हार हजम नहीं हो पा रही है। वसीम अकरम का मानना है कि पाकिस्तान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद कैसे हार गई। पाकिस्तान ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट सिर्फ 26 रन पर गिरा दिए थे। हालांकि, पाकिस्तान टीम फिर से मौके को भुनाने से चूक गई। वसीमन अकरम ने एएफपी से कहा कि, ये बहुत बड़ा झटका है और हमारा क्रिकेट दोराहे पर खड़ा है। बतौर पूर्व खिलाड़ी और कप्तान और एक खेल प्रेमी के होने के नाते मैं इस बात से शर्मिंदा हूं कि वे अच्छी स्थिति में होने के बावजूद हार गए। मैं इसे समझ नहीं पा रहा हूं। हम घरेलू मैदान पर लगातार हार रहे हैं और ये हमारे क्रिकेट की क्वालिटी के बारे में बहुत कुछ बताता है। बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान से टेस्ट सीरीज जीती है। अकरम का कहना है कि पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेट में प्रतिभा की कमी है, जिसका काफी असर पड़ा है।



# ऋषभ पंत की 20 महीने बाद रेड बॉल क्रिकेट में वापसी

नई दिल्ली। दलीप ट्रॉफी 2024 के मुकाबले 5 सितंबर से शुरू हो गए हैं। जिसका पहला मैच इंडिया ए और इंडिया बी के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच से ऋषभ पंत ने रेड बॉल क्रिकेट में वापसी की। पंत ने इससे पहले आखिरी बार मीरपुर में 22-25 दिसंबर 2022 तक बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। जिसके बाद वह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। ऋषभ पंत की रेड बॉल क्रिकेट में वापसी सुखद नहीं रही। उन्होंने चौके से खाता तो खोला, लेकिन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में कैच थमा बैठे। पंत 10 गेंद में 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आकाश दीप की गेंद पर पंत ने गेंद को बाउंड्री के पार भेजने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग मिस कर गए और शुभमन गिल ने मिड ऑफ से अपनी बाईं तरफ पीछे की ओर दौड़ते टाइमिंग मिस कर गए और शुभमन गिल ने मिड ऑफ से अपनी बाईं तरफ पीछे की ओर दौड़ते हुए डाइव लगाकर शानदार कैच लपक लिया। नीचे दिए वीडियो में भी आप शुभमन गिल को पंत का कैच पकड़ते हुए देख सकते हैं।

# दलिप ट्रॉफी 2024 में अक्षर पटेल का कमाल का प्रदर्शन




नई दिल्ली। दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले राउंड में आज इंडिया सी वर्सेस इंडिया डी के बीच मैच खेला जा रहा है। अनंतपुर में खेले जा रहे इस मैच में इंडिया डी को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। जहां इंडिया सी के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर और इंडिया डी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। इंडिया डी की शुरुआत बेहद खराब रही और 48 रनों तक टीम ने 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद क्रीज पर आए अक्षर पटेल और उन्होंने साबित कर दिया कि क्यों उन्हें संकटमोचक कहा जाता है। अक्षर ने 118 गेंदों पर 86 रनों की पारी खेली। एक समय तो ऐसा लगा रहा था इंडिया 100 रन भी नहीं बना पाएगा, लेकिन अक्षर की तेज तर्रार पारी ने स्कोरबोर्ज पर कम से कम पहली पारी में 150 से ज्यादा रन तो खड़े कर दिए। 74 गेंद पर जब अक्षर 37 रन बनाकर खेल रहे थे, उसके बाद उन्होंने छक्का, चौका और छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया। 78 गेंद पर उनका स्कोर फिर 53 रन पहुंच गया। अक्षर का साथ अर्शदीप सिंह ने भी निभाया, जिन्होंने 33 गेंदों पर 13 रन बनाए। अर्शदीप के अलावा श्रीकर भरत और सारांश जैन ने भी 13-14 रनों की पारियां खेलीं। अक्षर ने अपनी पारी के दौरान 118 गेंदों का सामना किया और इस दौरान उनके बल्ले से 6 चौके और इतने ही छक्के निकले। इंटरनेशनल क्रिकेट में भी अक्षर इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों से टीम इंडिया को बाहर निकाल चुके हैं। अक्षर बैट के साथ-सात गेंद से भी कमाल करने में माहिर हैं।

# रोहित से आप विकेट और स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी में बदलाव करना सीख सकते हैं, जायसवाल ने कहा

बेंगलुरू । यशस्वी जायसवाल को लगता है कि टेस्ट करियर में नई ऊंचाइयों को छूने की उनकी उम्मीदें कप्तान रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी पर टिकी हैं और उन्होंने इस अनुभव को बेहद शिक्षाप्रद बताया। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण करने वाले जायसवाल ने रोहित के साथ नौ टेस्ट मैच खेले हैं और अपने कप्तान के साथ शीर्ष क्रम में सफल जोड़ी बना चुके हैं तथा कई शतकीय साझेदारियां कर चुके हैं। दलीप ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर जायसवाल ने कहा, ''जब भी मैं उनके साथ बल्लेबाजी करने जाता हूं तो यह अविश्वसनीय अनुभव होता है। उन्होंने अपने अनुभव मेरे साथ साझा करते हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से वह खेल को नियंत्रित करते हैं और विकेट को समझते हैं, वह बिलकुल सटीक होता है और उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है।'' उन्होंने कहा, ''आप



उनसे तेज गेंदबाजी या स्पिन के अनुकूल विकेट के हिसाब से अपनी बल्लेबाजी में बदलाव करने या एक या दो विकेट गिरने पर अपनी बल्लेबाजी बदलने जैसी चीजें सीख सकते हैं।''

शीर्ष स्तर के क्रिकेट में एक साल पूरा करने वाले जायसवाल ने कहा कि पिछले 12 महीनों में वह अपने खेल के बारे में काफी जागरूक हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''अब मैं बहुत सारे परिदृश्य देख सकता हूं और टीम के लिए अपने खेल को बदल सकता हूं और परिस्थितियों को पढ़ सकता हूं। मुझे लगता है कि पिछले एक साल में ये मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जब मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा था, तो मुझे कई चीजों के बारे में पता नहीं था।'' जायसवाल ने कहा, ''लेकिन जब से मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है, संवाद और खेल को पढ़ने की समझ में बहुत सुधार हुआ है। मैं बस सीखना जारी रखना चाहता हूं। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि नए मुख्य कोच गौतम गंभीर खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''हां, मैंने श्रीलंका श्रृंखला के दौरान उनसे बात की थी। उन्होंने वास्तव में हमारा समर्थन करते हुए कहा कि बस मैदान में जाओ और खुलकर खेलो और खेल का आनंद लो और हम तुम्हारे साथ रहेंगे। इससे हमें बहुत आत्मविश्वास मिलता है और हमें निडर होकर खेलने में मदद मिलती है।'' बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि वह बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की श्रृंखला से पहले अपने कौशल को निखारने के लिए दलीप ट्रॉफी का इस्तेमाल एक ट्रेनिंग मंच के रूप में करना चाहते हैं।

# बीसीसीआई एजीएम 29 सितंबर को-सचिव का चुनाव नहीं, नए एनसीए का होगा उद्घाटन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की 93वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) यहां 29 सितंबर को होगी लेकिन इस बैठक में बोर्ड के नए सचिव का चुनाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि एजीएम शहर के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के उद्घाटन के दौरान ही होगी क्योंकि बोर्ड के सभी सदस्य शहर में मौजूद रहेंगे। दो दशक से अधिक समय पहले अस्तित्व में आने के बाद से एनसीए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर से संचालित हो रहा है। एजीएम में बीसीसीआई के नए सचिव का चुनाव नहीं होगा लेकिन इस बैठक में चुनाव के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) की तारीख तय की जा सकती है। निवर्तमान सचिव जय शाह के सर्वसम्मति से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन चुने जाने के बाद नए सचिव की नियुक्ति अनिवार्य हो गई है। शाह हालांकि एमजीएम में बीसीसीआई सचिव की अपनी मौजूदगी भूमिका नहीं छोड़ेंगे क्योंकि उन्हें आईसीसी चेयरमैन का प्रभार एक दिसंबर से संभालना है। सभी राज्य संघों को भेजे गए बैठक के 18 सूत्री एजेंडे में अन्य महत्वपूर्ण बिंदु आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति है क्योंकि शाह अब उस भूमिका के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आईसीसी में बोर्ड के प्रतिनिधि के लिए बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी के नाम पर चर्चा हो सकती है या यह पद नए सचिव को मिल सकता है। लेकिन 69 वर्षीय बिन्नी के लिए उम्र उनके पक्ष में नहीं है क्योंकि प्रशासन में शामिल होने के लिए अधिकतम उम्र 70 वर्ष है। इन दो महत्वपूर्ण मामलों के अलावा एजीएम में आईपीएल की संचालन परिषद में आम सभा के दो और भारतीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) के एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाएगा। एजीएम में बोर्ड की कुछ नियमित गतिविधियां भी शामिल होंगी जैसे 2024-25 के लिए वार्षिक बजट को स्वीकृति और लोकपाल तथा आचरण अधिकारी की नियुक्ति।

बैठक में बीसीसीआई संविधान के अनुसार क्रिकेट समिति और स्थायी समिति की नियुक्ति की जाएगी, साथ ही नियम 27 के तहत नई अंपायर समिति का गठन किया जाएगा। एजीएम में घरेलू क्रिकेट से संबंधित शीर्ष परिषद द्वारा बनाए गए नियमों को मंजूरी देने के अलावा 'यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति के तहत गठित बीसीसीआई की आंतरिक समिति की रिपोर्ट' पर भी विचार किया जाएगा।

### नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ने की समीक्षा

# शहर विकास के नई परियोजनाओं और स्मार्ट सिटी के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें-प्रतिमा बागरी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि सतना शहर की विकास के नई परियोजनाओं में अगले 20 साल तक की जनसंख्या को आधार बनाते हुए र् यान्वित करें। स्मार्ट सिटी के चल रहे कार्यों को शीघ्रता पूर्वक पूर्ण करायें तथा सिटी विकास के नये प्रोजेक्टों पर विशेष ध्यान दें। इस आशय के निर्देश राज्यमंत्री ने नगर निगम सतना के सभाकक्ष में नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों कन्सलटेंसी और कार्य एजेंसी प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक में दिये। बैठक में नारायण तालाब के सौदर्यीकरण और विकास कार्य के प्रोजेक्ट तथा तालाब की मेड टूटने के संबंध में जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, डायरेक्टर स्मार्ट सिटी महेन्द्र पाण्डेय, उपायुक्त वित्त भूपेन्द्र देव परमार, कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह, अरूण तिवारी सहित अंशुमान सिंह भी उपस्थित थे।





स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने के प्रयास किये जाये। उन्होंने कहा कि नगर निगम अगले 20 साल की जनसंख्या के आधार पर शहर के कचरा डम्पिंग की प्लानिंग की तैयारी करें। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही शहरी क्षेत्रों की तरह ग्राम पंचायतों में भी कचरे के निष्पादन की योजना तैयार की जायेगी। राज्यमंत्री ने कहा कि निकट भविष्य में रीवा में संभागीय औद्योगिक इन्वेस्टर मीट होगी। जिसमें सतना जिले के लिए भी औद्योगिक निवेश प्राप्त करने के प्रयास करें।

राज्यमंत्री ने नारायण तालाब सौन्दर्यीकरण के प्रोजेक्ट की जानकारी लेते हुए प्रोजेक्ट के कार्य में विलम्ब होने का कारण जाना। उन्होंने गत दिवस नारायण तालाब की मेड़ फूटने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निगम के अभियंता एवं कंसल्टेंट एजेंसी ने बताया कि नारायण तालाब सौन्दर्यीकरण का विकास कार्य 2 नवम्बर 2021 को 18 माह में पूर्ण करने के लिए स्वीकृति दी गई थी। समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने पर संविदाकार को अंतिम बार फरवरी 2024 में 2 माह की समयावृद्धि प्रदान की गई थी। परन्तु अभी भी वर्तमान में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इस पर नारायण तालाब के विकास के संविदाकार के.एल. नारंग भोपाल द्वारा नारायण तालाब सौन्दर्यीकरण के प्रोजेक्ट को समय पर पूर्ण न किए जाने, बिना किसी तकनीकी मार्गदर्शन एवं समय पर नारायण तालाब का ओव्हर फ्लो का पानी के निकासी के लिए हूयूम पाईप कलवर्ट न बनाए जाने के कारण घटित घटना के लिए संविदाकार को उत्तरदायी मानते हुए नारायण तालाब सौन्दर्यीकरण के प्रोजेक्ट के कार्य हेतु किए गए अनुबंध को विखण्डित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार शेष बचे कार्य का विधिवत प्रास्ताव लन तैयार कर निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि टाटा कन्सल्टेंसी से 3 सितंबर को घटित घटना के संबंध में तकनीकी प्रतिवेदन और अब तक की गई कार्यवाही का विस्तृत प्रतिवेदन भी प्राप्त किया जाए।

राज्यमंत्री ने कहा कि नारायण तालाब में ओव्हर फ्लो से निकलने वाले पानी के निकासी के लिए नाला निर्माण की भूमि का सीमांकन कराया जाए एवं सीमांकन उपरान्त नाला की भूमि पर हुए अतिर् मण को हटाकर सम्पूर्ण नाले की भूमि पर नवीन नाले का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि तालाब के फूटने से उतैली क्षेत्र के जिन रहवासियों को नुकसान हुआ है। उनका विधिवत सर्वे कराया जाकर राहत राशि प्रदान किए जाने की कार्यवाही की जाये। राज्यमंत्री ने बताया कि नारायण तालाब के मेड़ फूटने से हुई क्षति के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी संज्ञान में आई है कि पूर्व में रीवा रेल्वे लाइन की भूमि जो रीवा रोड होते हुए कृपालपुर तक है जिसमें अतिर् मण हो गया है। इस संबंध में निर्देशित किया गया कि रीवा रेल्वे लाइन की भूमि का सीमांकन कर अतिर् मण हटाया जाए एवं उक्त भूमि पर समानान्तर रोड का निर्माण कराया जाए ताकि रीवा रोड का यातायात सुगम हो सके। इसी तरह शहर के घूरडांग एवं पतेरी में शासकीय भूमि पर हुए अतिर् मण को चिन्हित कर इन शासकीय भूमियों को अतिर् मण मुक्त कराया जाए।

## गणेश चतुर्थी के पहले स्लॉटर हाउस को शिफ्ट करने की मांग



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वार्ड क्रमांक 22 की पार्षद पूजा प्रमोद सिंह के द्वारा मांग की गई थी कि गणेश चतुर्थी के पहले अमहिया में स्लॉटर हाउस है उसको झिरिया के पास बने स्लॉटर हाउस में शिफ्ट किया जाए उनकी मांग पर तत्काल काम शुरू हुआ और आज 4 तारीख को चार लोगों को जो वहां चिकवा थे रजिस्ट्रेशन था उन सब को चबूतरा एलाट करके झिरिया के पास बने स्लॉटर हाउस में जगह दे दी गई है। पार्षद जी को वहां के पूरे मोहल्ले वासी नगर वासी एवं गणेश उत्सव समिति के लोगों ने बहुत-बहुत धन्यवाद आभार ज्ञापित किया हैं उनके अथक प्रयास से माननीय उपमुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार निगम अध्यक्ष जी के निर्देश पर आज नगर निगम आयुक्त ने इन सभी को वहां शिफ्ट कराया माननीय पार्षद जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया है

## टीआरएस में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर सांसद को घेरा



### छात्रों को क्लास रूम में गंदगी, पीने को नहीं मिल रहा पानी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के ठाकुर रणमत सिंह स्वशासी महाविद्यालय में फैली अवस्थाओं के खिलाफ व प्राचार्य के दुर्व्यवहार के खिलाफ गुरूवार को सांसद जनार्दन मिश्रा को कॉलेज चौराहा में छात्रों ने रोक लिया। इसके बाद अपनी समस्याओं को अवगत कराने के बाद उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि महाविद्यालय में लगातार अवस्थाएं फैली हुई है इसी को लेकर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से मिलना चाह रहे थे परंतु उन्होंने अपना कार्यक्रम कैंसिल कर दिया और हम छात्रों से मुलाकात नहीं हो पाई ।छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों को ना तो स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो पा रहे नहीं क्लास रूम में साफ सफाई रहती है। कुर्सी बेंच में एक परत धूल जमी रहती है । इतना ही नहीं अभी एमएससी फोर्थ ईयर वा बीकॉम सीए फर्स्ट ईयर का परीक्षा परिणाम दो दिनों पहले घोषित किया गया। जिसमें संबल मेधावी के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राओं को फेल हुआ प्रमोटेड किया गया ।यहां तक की जो छात्र पेपर दिए हैं उन्हें भी एब्सेंट किया गया । यह स्थिति है महाविद्यालय की और जब कोई सामान्य छात्र मुलाकात करना चाहता है प्राचार्य से तो उन्हें केबिन के बाहर से ही भगा दिया जाता है छात्र-छात्राओं के अंदर भय भरा जा रहा है ताकि वह प्रिंसिपल रूम जाकर बात करने की हिम्मत ना करें जो कि गलत है यह दुर्व्यवहार एनएसयूआई बर्दाश्त नहीं करेगी।

महाविद्यालय कैंपस में जो बाथरूम बने हुए हैं उनके महीना साफ सफाई नहीं होती इस तरह की स्थिति बनी हुई है।

अभी मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन कर दी गई थी जिसकी पूरी प्रक्रिया महाविद्यालय से ही होनी थी लेकिन टीआरएस महाविद्यालय में ना तो ठीक से सिस्टम चल पाए और ना ही वहां वाई-फाई उपलब्ध हो पाई और ना वहां ऑपरेटर उपलब्ध हो पाए जब हमने प्राचार्य मैडम से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कहा की ऑपरेटर है और ऑपरेटर वहीं के शिक्षकों को ऑपरेटर बना दिया गया जिसकी वजह से एक रजिस्ट्रेशन में घंटा बर्बाद हुए और कई छात्र-छात्राएं एडमिशन के लिए भटकते रहे इसी को लेकर हम सब डिप्टी सीएम से मुलाकात करना चाह रहे थे परंतु डिप्टी सीएम जी शायद छात्रों से मिलना नहीं चाहते इस वजह से वह महाविद्यालय नहीं पहुंच सके तो हमने सांसद जी के माध्यम से डिप्टी सीएम जी के नाम ज्ञापन सौंप कर छात्र हित में निर्णय लेने हेतु ज्ञापन सैपा है। और यह माल अगर हमारी पूरी नहीं होगी तो हम सैकड़ो छात्र-छात्राओं के साथ टीआरएस महाविद्यालय का जल्द घेराव भी करेंगे।।

इस दौरान महासचिव सत्यम शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी, महासचिव विमल पटेल, सचिव संजीव शुक्ला, अभिषेक पांडे, रॉबिंसन साकेत टिंकू अभिमन्यु सिंह,अभिषेक तिवारी,टीआरएस इकाई अध्यक्ष उत्कर्ष मिश्रा अजय सिंह, आईटी सेल अध्यक्ष विनय तिवारी, छात्र नेता बालकिशन यादव तोसड़ यादव सुजल सिंह,ऋतिक तिवारी सागर पांडे, गौरव पांडे,आशुतोष पांडे,पवन, सनी सिंह,आर्यन तिवारी, आदि सैकड़ो की संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस के पर सम्मानित होने पर शिक्षकों में दिखा उत्साह









**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष के सौजन्य से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह कार्यर् म में 230 सेवा निवृत्त शिक्षकों तथा स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में टाउन हाल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यर् म में 74 सेवारत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद शिक्षकों ने उत्साह और उमंग के साथ अपने मन के भाव कुछ इस प्रकार से व्यक्त किये है। 31 जुलाई 2023 को मैं सेवानिवृत्ति हुआ हूं। आज शिक्षक दिवस के दिन जिला पंचायत में धूमधाम से मुझे सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पाकर में अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

**श्री ओम कुमार सिंह (सेवा निवृत्त शिक्षक)**

एमएलबी स्कूल से में जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त हुआ। शिक्षकीय कार्य परम उत्तम कार्य है। मेरे जीवन में यह अवसर मुझे मिला। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आगे जब भी मुझे मनुष्य का जन्म मिले, इसी तरह शिक्षक बनने का सौभाग्य प्राप्त हो।

**श्री माणिकचंद्र (सेवानिवृत्त शिक्षक)**

मैंने अभी तक जो अपने विद्यालय स्तर पर काम किया है, उसका प्रतिफल आज मुझे शिक्षक दिवस के दिन सम्मान के रूप में प्राप्त हुआ है। इस खुशी को मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। मैं अपने विद्यालय के बच्चों की प्रगति के लिए आगे भी निरंतर इसी तरह कार्य करता रहूंगा।

**विजय नारायण तिवारी (शिक्षक शास.माध्य. शाला इटमा)** कार्यरत

शिक्षक दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान मिलने से मैं अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रही हूं। इसके लिए मैं जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

**श्रीमती ज्योति पाण्डेय (शिक्षिका) कार्यरत**

# शिक्षक छात्रों को जीवन में आगे बढने का ज्ञान देते है-राज्यमंत्री

### जिला स्तरीय षिक्षक समारोह 2024 में 74 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि शिक्षक छात्रों को जीवन में आगे बढने का ज्ञान देते है और उनका भविष्य गढते हैं। आज के वर्तमान युग की आधुनिक शिक्षा में गुरू और शिष्य की मर्यादा और समन्वय को बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में संस्कारों का होना जरूरी है। शिक्षकों को विद्यार्थियों में संस्कार युक्त शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना के टाउनहाल में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2024 को संबोधित कर रही थी। कार्यर् म की अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल, कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सहायक संचालक गिरीश अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2024 में सतना और मैहर जिले के सभी विकासखण्डों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में हाईस्कूल, हायरसेकेण्ड्री मण्डल परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालय के विषय शिक्षकों संस्था प्राचार्य एवं 5वीं एवं 8वीं के उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा और शिक्षा की नीतियों में लगातार परिवर्तन हो रहे है। गुरूकुल शिक्षा की तरह आधुनिक शिक्षा को भी अपग्रेड किया गया है। शिक्षक सही मायने में अपने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने का ज्ञान देते है और किसी भी छात्र की उन्नति में शिक्षक का बडा योगदान होता है। उन्होंने एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिक्षकों की छोटी सी पहल बच्चों के लिए प्रेरणा बन जाती है। उन्होंने शिक्षा के साथ ही शिक्षकों को अपने छात्रों की काउंसलिंग भी करने की सलाह दी।

कार्यर् म की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं। शिक्षकों के जीवन चरित्र और प्रतिभा को देखकर ही प्रेरणा लेकर विद्यार्थी अपने जीवन आगे बढते है और अपना भविष्य सुखमय बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी क्षेत्रों में दिखाये मार्ग पर तेजी से प्रगति हो रही है। हमारी वैज्ञानिक शक्ति का लोहा दुनिया भी मानती है। सांसद ने कहा कि हमारे देश के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने समस्याओं का समाधान निकाला है और उस पर देश निरंतर तेजी से आगे बढ रहा है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर चयनित शिक्षकों में सतना और मैहर जिले का नाम इस बार शामिल नहीं हो पाया है। इसके लिए शिक्षा जगत और शिक्षक इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए तैयारियां और प्रयास निरंतर जारी रखे।

जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि शिक्षक दिवस का समारोह हम सभी शिक्षकों को प्रेरणा देता है। जिन्होंने शिक्षण कार्य को अपना कर्म समझकर निभाया है। उन्होंने कहा कि गुरूजन ईश्वर द्वारा प्रदत्त इस शिक्षण कार्य की शक्ति को भलिभाति उपयोग करते हुए इसी तरह सम्मान पाते रहे और इस वर्ष की ग्रेडिंग में पूरे आत्मविश्वास से मेहनत कर मध्यप्रदेश में अव्वल स्थान हासिल करे। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षक आने वाली पीढियों का भविष्य गढते है। शिक्षा समिति की अध्यक्ष होने के नाते सतना और मैहर जिले के शिक्षा के स्तर को बढाने का निरंतर प्रयास जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले 74 शिक्षक और संस्था प्राचार्यों को सम्मानित किया गया।

# शिक्षक की महत्ता युगों-युगों तक कायम रहेगी-कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सतना की उपाध्यक्ष और स्थाई शिक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार द्वारा शिक्षकों के सम्मान में आयोजित किये जा रहे एक और नवाचार के माध्यम से सतना और मैहर जिले के विगत एक वर्ष में 230 सेवानिवृत हुए शिक्षकों का गरिमामय सम्मान का कार्यर् म जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। शिक्षक सम्मान के इस वृहद कार्यर् म में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, महापौर योगेश ताम्रकार, सतना जिले के कलेक्टर अनुराग वर्मा, शिक्षा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।





उपस्थित शिक्षकों को सम्मानित करते हुए अपने जमाने में शिक्षक रहे और वर्तमान में जिला पंचायत के अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार द्वारा किए गए इस शिक्षक सम्मान समारोह के कार्यर् म को सराहनीय बताते हुए कहा कि शिक्षक वास्तव में ज्ञान के सागर होते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर पहुंचने के लिए मुझे स्वयं शिक्षकों से प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त हो चुके शिक्षक अपने आप को सेवा से पृथक नहीं मानते हुए समाज को दिशा देने का कार्य करते रहे। महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही ऐसी कृति है जो युगों-युगों तक याद की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक शासकीय सेवा से निवृत्त हो सकते हैं लेकिन अपने पढाये हुए छात्रों के मन से कभी विलग नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि लाखों व्यक्तियों के मनो-मस्तिष्क में श्रेष्ठ शिक्षक का ध्यान हमेशा रहता है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार द्वारा पिछले दो वर्षों से किये जा रहे लगातार नवाचारों के माध्यम से सतना जिले के स्कूली शिक्षा के स्तर मे सुधार हेतु प्रयास की सराहना करते हुए शिक्षक को ईश्वर द्वारा इस धरती को प्रदान की गई अनुपम कृति बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस का अपने आप में विशेष महत्व है। शिक्षकों की प्रतिभा और मार्गदर्शन के अनुसार ही छात्रों का भविष्य बनता है। विद्यार्थी जितना विश्वास अपने शिक्षक पर करता है उतना वह अपने अभिभावकों पर भी नहीं करता। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक गलत और सही के पहचान की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने सेवा निवृत्त शिक्षकों से कहा कि अपने सर्वोत्तम ज्ञान और अनुभव का लाभ समाज को भी देते रहे।

अपने स्वागत भाषण में कार्यर् म की आयोजक और जिला पंचायत सतना कि उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार ने उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनका हृदय से स्वागत किया और भविष्य में भी इसी तरह के नवाचारों के माध्यम से सतना और मैहर जिले की स्कूली शिक्षा के उन्नयन के लिए लगातार प्रयास करने की बात कही।

इसके पूर्व कार्यर् म के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण कर कार्यर् म का शुभारंभ किया। शिक्षक सम्मान प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने स्थाई शिक्षा समिति की सभापति श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार को हृदय से साधुवाद दिया और कार्यर् म को ऐतिहासिक बताया।

## वनाधिकार के सभी दावे खण्ड स्तरीय समिति 15 तक निराकृत करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने वनाधिकार दावों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय समिति से अमान्य किए गए सभी दावों का मौके पर परीक्षण करा लें। ग्राम स्तरीय तथा खण्ड स्तरीय समिति में जो वनाधिकार दावे लंबित हैं उनका 15 सितम्बर तक निराकरण करके अंतिम निर्णय के लिए जिला समिति में प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम वनाधिकार के प्रकरणों के निराकरण के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। हर पात्र व्यक्ति को वनाधिकार पत्र प्रदान करें। वनाधिकार के दावों के निराकरण की 23 सितम्बर को जिला स्तरीय समिति की बैठक में समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव प्राप्त कर उनकी खण्ड स्तरीय समिति की बैठक में समीक्षा कर लें। सभी प्रस्ताव ऑनलाइन दर्ज करा दें। तहसील जवा में 31 ग्राम पंचायतों के 1430 दावे लंबित हैं। खण्ड स्तर पर भी 150 दावे लंबित हैं।

तहसील गुढ़ में 186 दावे लंबित हैं। इसी तरह तहसील मनगवां, रायपुर कर्चुलियान, त्योंथर एवं हुजूर तहसीलों में भी दावे लंबित हैं। इन सभी का 15 सितम्बर तक् अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी अधिकारी ट्राईबल पीके पाण्डेय ने लंबित वनाधिकार दावों की जानकारी दी। बैठक में डीएफओ अनुपम शर्मा, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।